Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 339 जयपुर, शनिवार, 11 मई 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50

अब होगी सुर्खियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

मोदी बोले-करप्शन से लूटे गए 17000 करोड़ लोगों को लौटाए

हमारी एजेंसियों ने 1.25 लाख करोड़ जब्त किए, ये भी लौटाए जा सकते हैं

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने करप्शन में लूटे गए 17 हजार करोड़ रुपए विक्टिम्स को लौटा दिए हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मैं सलाह ले रहा हूं कि लोगों से लूटा गया धन उन्हें कैसे लौटाया जा सकता है। मोदी ने यह बात रिपब्लिक को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि हमारी एजेंसियों ने 1.25 लाख करोड़ रुपए जब्त किए हैं। हम टीवी पर देखते हैं कि रुपयों के कई ढेर लगे हैं, जो गरीबों और मिडिल क्लास लोगों से लूटे गए हैं। यह धन भी लोगों को लौटाया जा सकता है। केरल के कोऑपरेटिव बैंक स्कैम का पैसा लौटा चुका हूं मोदी ने कहा कि केरल में एक बड़ा कोऑपरेटिव बैंक स्कैम है। इसे कम्युनिस्ट लोग कंट्रोल करते हैं। ये पैसा भी गरीबों और मिडिल क्लास का है। मैंने इस स्कैम में शामिल नेताओं की प्रॉपर्टी अटैच की है। मैं सलाह ले रहा हूं, लेकिन कई मामलों में हमें ट्रेल मिल जाती है कि किसने किसे पैसा दिया। अब तक हम 17 हजार करोड़ रुपए लोगों को लौटा चुके हैं। पीएम ने कहा कि केरल के कोऑपरेटिव बैंक स्कैम में शामिल नेताओं की प्रॉपर्टी अटैच की गई है। पीएम ने कहा कि केरल के कोऑपरेटिव बैंक स्कैम में शामिल नेताओं की प्रॉपर्टी अटैच की गई है। इन लोगों ने अपने नौकर के घर को भ्रष्टाचार का गोदाम बना दिया है।

7 मई को भी पीएम ने यही बयान दिया था

7 मई को आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम के वेमागिरी में भी पीएम ने कहा था कि मैं कानूनी सलाह ले रहा हूं कि लोगों से जो धन भ्रष्टाचार के जरिए लूटा गया है, उसे लोगों को कैसे लौटाया जाएगा। दरअसल, 6 मई को झारखंड के मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 30 करोड़ रुपए मिले थे। इसे लेकर पीएम ने कहा, 'मुझे समझ नहीं आता है कि ऐसे लोग गांधी परिवार के करीबी क्यों निकलते हैं। इन लोगों ने अपने नौकर के घर को भ्रष्टाचार का गोदाम बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा- पिछले 5 सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। 5 उद्योगपति, अंबानी और अडाणी, लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है पीएम के बयान पर राहुल गांधी ने शाम को एक वीडियो शेयर किया।

पीएम ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग वाले आरोप को नकारा

पीएम मोदी ने इस इंटरव्यू में उन आरोपों का खंडन किया, जिसमें विपक्ष ने कहा था कि पीएम सेंट्रल एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब रुपयों के ढेर दिखाई देते हैं, तो कैसे किसी को सीबीआई या ईडी के काम पर शक हो सकता है। सच ये है कि भ्रष्टाचारी लोग रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। 30 मार्च को कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि इससे पहले किसी सरकार ने इस तरीके से इन्वेस्टिगेशन एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं किया है, न ही किसी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं का अपमान किया है, जितना नरेंद्र मोदी सरकार ने बीते 10 साल में किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना की एक रैली में कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड लूट, तुष्टिकरण और वंशवाद का है। मोदी ने कहा कि 10 साल पहले देश में बम धमाके होते थे, ऐसे आतंकी हमले अब नहीं होते। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी, अडानी-अंबानी आपको 'टैंपो' में भरकर पैसे देते हैं क्या ये आपका पर्सनल एक्सपीरियंस है यह धन भी लोगों को लौटाया जा सकता है। केरल के कोऑपरेटिव बैंक स्कैम का पैसा लौटा चुका हूं मोदी ने कहा कि केरल में एक बड़ा कोऑपरेटिव बैंक स्कैम है। इसे कम्युनिस्ट लोग कंट्रोल करते हैं।

2 पत्नी, 2 लाख सालाना' बयान पर भूरिया की सफाई

कहा- मैंने व्यंग्य में कहा था, विजयवर्गीय बोले- उम्र 70 पार, हम बुरा नहीं मानते

संजीवनी टुडे

भोपाल। रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होंने गुरुवार को रतलाम के सैलाना में आयोजित चुनावी सभा में कहा था- 'जिस व्यक्ति की दो पत्नियां हैं, उसे दो लाख रुपए सालाना दिए जाएंगे। इसके अलावा कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में सभी महिलाओं के खातों में एक-एक लाख रुपए देने की बात कही है। जिसका समर्थन करते हुए मंच पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बोले थे कि 'आपके जो भावी सांसद हैं भूरिया जी, इन्होंने अभी भयंकर घोषणा कर दी। जिसकी दो पत्नियां हैं, उसको डबल। विरोध हुआ तो भूरिया ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर सफाई दी। कहा- मैंने व्यंग्य के रूप में कहा था। इसके बाद में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी तंज कसते हुए कहा कि भूरियाजी की उम्र 70 पार हो चुकी है। बच्चे और बुजुर्ग की बातों का बुरा नहीं माना जाता। भाजपा के विरोध के बाद शुक्रवार को कांतिलाल भूरिया ने ट्वीटर पर बयान जारी किया। कहा- जो लोग मेरे बयान के एक हिस्से को लेकर मुद्दा बना रहे हैं उन्हें आदिवासी पुरखा संस्कृति की जानकारी नहीं है। एक व्यक्ति ने पूछा था कि उसकी 2 पत्नी हैं, क्या

दोनों को 8500 रुपए का लाभ मिलेगा। क्योंकि आदिवासी समाज में इसकी कानूनी अनुमति है। इसलिए मैंने व्यंग्य के रूप में कहा था। हम हर महिला के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हर गरीब महिला को 1 लाख रुपए हर साल की गारंटी कांग्रेस की सरकार बनते ही देंगें। मतलब हर महीना 8500 रुपए महीना। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत की। कहा- कांतिलाल भूरिया ने चुनावी सभा में महिलाओं पर विवादित बयान दिया है। सभा में दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी, पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत उपस्थित थे। मंच से ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांतिलाल भूरिया के बयान का समर्थन किया है। हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 05 (1) के प्रावधान के अनुसार हिंदू धर्म में दूसरी शादी पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

केजरीवाल 39 दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए: कहा

देश को तानाशाही से बचाना है, मैं इससे लड़ रहा हूं, 1 जून तक जमानत मिली

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 39 दिन बाद शुक्रवार (10 मई) की शाम को 6 बजकर 55 मिनट पर तिहाड़ जेल से बाहर आए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। रिहाई के बाद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा, 'आप से निवेदन है हमें सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं। तानाशाही के खिलाफ संघर्ष कर रहा हूं। आज आपके बीच आके अच्छा लग रहा है। कल सुबह 11 कनॉट प्लेस हनुमान जी के मंदिर में मिलेंगे। हनुमान जी का आशीर्वाद लेंगे। 1 बजे पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति मामले में 1 अप्रैल (39 दिन) से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में थे। इससे पहले 11 दिन वे ED की हिरासत में रहे। अदालत ने आज दोपहर 2 बजे एक लाइन में फैसला सुनाया। हालांकि, उनके वकील ने 5 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया एक जून को खत्म हो जाएगी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा, 'केजरीवाल की अंतरिम जमानत की शर्तें आप नेता संजय सिंह

की जमानत पर लगाई गई शर्तों के समान होंगी। संजय सिंह को एक अप्रैल को इसी मामले में जमानत दी गई थी। कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत के लिए तीन शर्तें रखी थीं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'चोर-चोर मौसेरे भाई...सब घमंडिया गठबंधन वाले अब खुशियां मना रहे हैं। लेकिन केजरीवाल को कोर्ट ने आरोपों से मुक्त नहीं किया है। कोर्ट ने ऑर्डर में सभी शर्तें साफ लिखी हैं।' तिहाड़ जेल से केजरीवाल सीएम आवास पहुंचे। यहां इन्होंने कहा कि देश तानाशाही के दौर से गुजर रहा। उन्होंने कहा कि कल 11 बजे वह कनॉट प्लेस पर हनुमान मंदिर में दर्शन करेंगे और 1 बजे पार्टी ऑफिस पर प्रेस कान्फ्रेंस होगी। केजरीवाल गाड़ी की सनरूफ खोलकर बाहर आए।

अंतरिम जमानत का आधार, कोर्ट ने कहा- 22 दिन में कोई फर्क नहीं पड़ेगा

जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, 'अगस्त 2022 में ED ने केस दर्ज किया। उन्हें मार्च (2024) में गिरफ्तार किया गया। डेढ़ साल तक वे कहां थे गिरफ्तारी बाद में या पहले हो सकती थी। 22 दिन इधर या उधर से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर बहस अगले सप्ताह जारी रहेगी। 20 मई से शुरू होने वाली गर्मी की छुट्टियों से पहले याचिका पर फैसला सुनाने का प्रयास करेगी।

पहलवानों के यौन शोषण मामले में बृजभूषण पर आरोप तय

दिल्ली कोर्ट ने कहा- 5 शिकायतों में पर्याप्त सबूत, एक शिकायत खारिज की

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली/ गोंडा। दिल्ली की राउज रेवन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि 6 महिला पहलवानों में से 5 की शिकायतों में बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत मिले हैं। अदालत ने एक महिला पहलवान की शिकायत खारिज कर दी। अदालत ने कुश्ती संघ के पूर्व सेक्रेटरी विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया। बृजभूषण के खिलाफ धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना), 354-ए (यौन उत्पीड़न) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए हैं। आरोप तय होने का मतलब है कि बृजभूषण के खिलाफ वादी पक्ष और पुलिस की चार्जशीट में पर्याप्त सबूत हैं। बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा चलाया जाएगा। जो आरोप बृजभूषण पर लगे हैं उनके साक्ष्य पुलिस कोर्ट के सामने रखेगी, जबकि बृजभूषण अपने बचाव पक्ष के साक्ष्य रखेंगे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही कोर्ट कोई फैसला सुनाएगी।

दोषी पाए तो 5 साल तक हो सकती है सजा

बृजभूषण को अब कोर्ट का ट्रायल फेस करना होगा। जिन धाराओं में उन पर आरोप तय हुए हैं। उनमें धारा-354 में अधिकतम 5, 354-इ में अधिकतम 3 और 506 में अधिकतम 2 साल की सजा हो सकती है। सीनियर एडवोकेट रितेश यादव के मुताबिक, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण के खिलाफ जो आरोप तय किए हैं, उनके खिलाफ उनके पास ऊपरी अदालत में जाने का विकल्प है।

बृजभूषण बोला- मेरे लिए दरवाजे खुल गए

बृजभूषण शरण सिंह ने कोर्ट के फैसले पर कहा, कोर्ट ने आज आरोप तय कर दिए हैं। एक केस को छोड़कर बाकी केसों में चार्ज फ्रेम हुए हैं। मैं न्याय पालिका के फैसले का स्वागत करता हूं, क्योंकि अब चार्ज पर ही बात होगी। मैं इसके खिलाफ केस लड़ूंगा। अब मेरे लिए दरवाजे खुल गए हैं। बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय होने पर पहलवान साक्षी मलिक ने कहा, यह हमारे लंबे संघर्ष की ओर एक कदम है। यह लड़ाई हमारे लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए थी। मैं अदालत के फैसले का स्वागत करती हूं। पहले हमसे सबूतों की कमी के कारण पूछताछ की गई थी लेकिन अब पर्याप्त सबूत हैं, हम तब तक केस लड़ेंगे जब तक आरोपी को सजा नहीं मिल जाती। ये बात भी हमें अंत तक मंजूर नहीं होगी कि संजय सिंह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि वे बृजभूषण शरण सिंह के करीबी सहयोगी हैं।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

संजीवनी टुडे

बीजापुर मुठभेड़ में 2 जवान भी घायल; पिछले 131 दिन में 103 नक्सली ढेर

जगदलपुर/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार सुबह से चल रही मुठभेड़ खत्म हो गई है। सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। मौके से बीजीएल, बंदूक, नक्सल वर्दी, पिट्ठू, दवाइयां, और विस्फोटक मिले हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ और डीआरजी के दो जवान भी घायल हुए हैं। इस साल जनवरी से अब तक 131 दिन में जवानों ने 103 नक्सली ढेर किए हैं। जानकारी के मुताबिक, हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स का गंगालूर के पीडिया में जमावड़े की सूचना मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा तीन जिलों से फोर्स ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया था। सुबह से ही CRPF, STF, सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन समेत फोर्स के 1200 से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा था। अफसरों के मुताबिक, नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई है। डीआईजी कमलोचन कश्यप ने दैनिक भास्कर को बताया कि, नक्सलियों ने बीजीएल दागा था, उसकी चपेट में एक जवान आया है, जबकि दूसरा जवान आईईडी ब्लास्ट में घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के मारे जाने की संख्या निश्चित नहीं कही जा सकती। अभी टीम लौटी नहीं है, लौटने के बाद कंफर्म होगा। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो। डबल इंजन की सरकार है, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमें केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा है।प्रदेश में इस साल जनवरी से अब तक बस्तर में हुई मुठभेड़ में जवानों ने 100 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया है। कांकेर और नारायणपुर मुठभेड़ के अलावा 6 अप्रैल को एक तेलंगाना राज्य की सीमा पर मुठभेड़ हुई थी। इसमें 42 नक्सली मारे गए थे। वहीं, 2 अप्रैल को बीजापुर के करचोली में हुई मुठभेड़ में 13 नक्सली मारे गए।

ओवैसी ने अपने भाई अकबरुद्दीन को तोप-खूंखार बताया

नवनीत राणा का जवाब- ऐसी तोप हमारे घर के बाहर सजावट में रखीं, खूंखार को पालते हैं

संजीवनी टुडे

अमरावती। एआईएमडीकेचीफ और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अपने छोटे भाई अकबरुद्दीन ओवैसी को तोप और खूंखार बताया था। अब भाजपा नेता नवनीत राणा ने शुक्रवार (10 मई) को वीडियो जारी करके इसका जवाब दिया है। नवनीत ने वीडियो में कहा- बड़े ओवैसी (असदुद्दीन) ने बड़े उत्साह के साथ हेट स्पीच में कहा है कि मैंने छोटे (अकबरुद्दीन) को दबाकर रखा है और हमारा छोटा तोप है। तो मैं आपको बताना चाहूंगी कि ऐसे तोप को हम घर के बाहर सजावट के लिए रखते हैं। नवनीत ने आगे कहा कि बड़ा कहता है कि हमारा छोटा खूंखार है, अरे ऐसे खूंखार तो हम घर में पालते हैं। ये भी याद रखना कि मैं भी सैनिक की बेटी हूं। मैं भी देखना चाहती हूं कि मुर्गी और मुर्गी का बच्चा कब तक खैर मनाता है। वीडियो में राणा ने आगे कहा है कि बड़ा कहता है कि मैंने छोटे को समझाकर रखा है, अरे समझाकर रखा है, इसलिए वो तुम्हारे सामने है। नहीं तो आज रामभक्त और मोदी जी के शेर हर गली में घूम रहे हैं। दबाकर रखा है इसलिए नजरों के सामने है। मैं बहुत जल्द हैदराबाद आती हूं, देखती हूं मुझे कौन रोकता है।

असदुद्दीन ने कहा था- छोटा भाई तोप है, सालार का बच्चा है

नवनीत का रिएक्शन असदुद्दीन के जिस बयान के बाद आया है। उसमें असदुद्दीन हैदराबाद में एक चुनावी सभा में कहा है कि महाराष्ट्र की एक सांसद यहां आकर छोटे-छोटे चिल्ला रही हैं। मैंने छोटे को रोक कर रखा है। जिस दिन मैंने छोटे (अकबरुद्दीन ओवैसी) को बोल दिया कि मैं आराम कर रहा हूं तुम संभालो। फिर उसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। ओवैसी ने कहा कि मेरे छोटा भाई तोप है, वो सालार का बच्चा है। मैंने उसे बड़ी मुश्किल से समझाकर रखा है। अभी हम टाइमिंग कर रहे हैं अगर हमने टी-20 खेलना शुरू कर दिया तो आपकी हालत भी टी-20 जैसी हो जाएगी। ओवैसी ने आगे कहा कि ये (नवनीत राणा) 15 सेकेंड की मांग कर रहे हैं। मैं कोई मुर्गी का बच्चा हूं जो 15 सेकंड में खत्म हो जाऊंगा। उन्होंने कहा बताइए कहां पर आना है, अपने दिल्ली वाले पप्पा से पूछिए, घर आना ऑफिस आना है या कहीं और। ओवैसी ने कहा कि मुल्क में कानून और आईपीसी है या नहीं कोई भी आ रहा है कुछ भी बोल के जा रहा है। 8 मई को महाराष्ट्र के अमरावती से भाजपा सांसद नवनीत कौर राणा ने एआईएमडीके प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और उनके छोटे भाई अकबरुद्दीन पर बयान दिया था। नवनीत राणा ने कहा था कि अगर हैदराबाद में 15 सेकेंड के लिए पुलिस हटी तो पता नहीं चलेगा कि दोनों भाई कहां गए। राणा का यह बयान अकबरुद्दीन की 2013 में दी गई स्पीच का जवाब माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर 15 मिनट के लिए पुलिस हटा दी जाए तो हम 25 करोड़ (मुसलमान) 100 करोड़ हिंदुओं को खत्म कर देंगे। नवनीत हैदराबाद में भाजपा उम्मीदवार माधवी लता के लिए प्रचार करने गई थीं।

कैथल में भाजपा पर बरसे रणदीप सुरजेवाला

बोले- चुनाव में दोबारा मौका दिया तो देश 500 साल पीछे हो जाएगा

संजीवनी टुडे

कैथल। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य सभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला शुक्रवार को कैथल पहुंचे। उन्होंने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया और लोगों को संबोधित किया। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार धोखे, विश्वासघात और जुमले जैसे तीन रास्तों पर चल रही है। भाजपा सरकार ने जातपात और धर्म के नाम पर देश को 50 साल पीछे धकेलने का कार्य किया है। इन्हें दोबारा मौक़ा दिया गया तो देश 500 साल पीछे चला जाएगा। रणदीप सुरजेवाला ने शुक्रवार को गांव पाडला, मानस, गढ़ी, छौत, फ्रांसवाला, पट्टी खोत, माघोमाजरी, कुलतारण, जगदीशपुरा, उझाना, दयोहरा, खुराना, पट्टी अफगान और शहर के कई वार्डों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले देश में उम्मीदों व वादों की भाजपा सरकार आई थी, लेकिन न तो देशवासियों की उम्मीद पूरी हुई और न ही भाजपा के वादे। मोदी सरकार ने देशवासियों को झूठे वादे किए थे कि हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपए आएंगे, युवाओं को दो करोड़ नौकरियां दी जाएंगी, 80 लाख करोड़ का काला धन देश में वापस लाया जाएगा, किसानों को खेती की लागत के साथ 50 फीसदी मुनाफा दिया जाएगा और अगर देश पर कोई आतंकी हमला करता है, तो एक के बदले 10 सर काटे जाएंगे। लेकिन यह जुमले केवल जुमले ही बनकर रह गए। रणदीप ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने भी सत्ता आने पर एक परिवार एक रोजगार, कर्ज मुक्ति, इंस्पेक्टरी राज को समाप्त करने व बेरोजगारों को 9 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया। इसके विपरीत मोदी व खट्टर की जोड़ी ने देश को 50 साल पीछे धकेल दिया।

मणिशंकर अय्यर बोले- पाकिस्तान को इज्जत दे भारत, उसके पास परमाणु बम

कांग्रेस का बयान से किनारा; कहा- भाजपा अपनी कमियां छिपाने वीडियो वायरल कर रही

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कह रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान को इज्जत देनी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके पास भी परमाणु बम है। कोई सिरफिरा आया तो हम पर इसका इस्तेमाल कर सकता है। 15 अप्रैल को एक सोशल मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में अय्यर ने कहा था- मुझे ये समझ नहीं आता कि नरेंद्र मोदी सरकार ये क्यों कहती है कि हम पाकिस्तान से बात नहीं करेंगे, क्योंकि वहां आतंकवाद है। ये समझना जरूरी है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी है। वरना, पाकिस्तान सोचेगा कि भारत अहंकार के साथ हमें दुनिया में छोटा दिखा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में कोई भी पागल इस बम का इस्तेमाल भारत पर कर सकता है। अय्यर के इस बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। पवन खेड़ा ने कहा- अय्यर के बयान से कांग्रेस पार्टी पूरी तरह असहमत है। अय्यर किसी भी तरीके से पार्टी के लिए नहीं बोलते हैं। वीडियो को भाजपा ने फैलाया है, जिससे प्रधानमंत्री मोदी की गलतियों से ध्यान भटकाया जा सके।

कांग्रेस बोली- ये बयान अय्यर का, पार्टी का नहीं

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस और पूरा देश गर्व के साथ याद करता है कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हमारी सेना की वीरता के कारण दिसंबर 1971 में पाकिस्तान टूट और एक स्वतंत्र देश बांग्लादेश का उदय हुआ था। उन्होंने कहा कि ठीक 50 साल पहले पहले 18 मई 1974 को इंदिरा जी के नेतृत्व में भारत की परमाणु क्षमता की घोषणा दुनिया के सामने की गई थी। कांग्रेस का हमेशा मानना रहा है कि हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया राष्ट्र के हित के लिए होनी चाहिए। खेड़ा ने यह भी कहा कि यदि पुराने वीडियो का इस्तेमाल किया जाए तो ये ज्यादा पुराना वीडियो नहीं है। यहां विदेश मंत्री एस जयशंकर खुले तौर पर भारत को चीन से डरने की सलाह दे रहे हैं। अय्यर ने कहा- आप बंदूक लेकर घूम रहे हो। उससे क्या हल मिला?कुछ नहीं। तनाव बढ़ता जाता है। कोई भी पागल वहां आ जाए तो क्या होगा देश का। उनके पास एटम बम है। हमारे पास भी है, लेकिन किसी पागल ने हमारे बम को लाहौर स्टेशन में छोड़ा तो आठ सेकेंड के अंदर उसकी रेडियो एक्टिविटी अमृतसर पहुंचेगी। आप उसको इस्तेमाल करने को रोको।

खबरें फटाफट

सर्व विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। नगर के निकटवर्ती अजारी ग्राम स्थित मारकुण्डेश्वर एवं सरस्वती धाम में स्थित रावल ब्राह्रण समाज रोई परगना समाज भवन में अक्षय तृतीय शुभ अवसर पर श्री भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पुर्वक मनाया गया। जानकारी के अनुसार श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में रावल ब्राह्मण समाज की रोई परगना के भवन में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष पुखराज रावल आदर्श, समाजसेवी प्रभाशंकर रावल, पिण्डवाडा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश रावल, शान्ति लाल दानावा, लल्लू राम, कालूभाई पुरोहित, नरेंद्र रावल उरीया, जवाराम पुरोहित कांटल, जयंतीलाल अजारी, लल्लूराम रावल आदर्श, खीमाराम आदर्श, सीताराम रावल ऐसाऊ, कांतिलाल रावल सारणेश्वरजी, हितेश रावल उप सरपंच सहित कई विप्र समाज बंधुओ की उपस्थिति रही।

जैन तीर्थ नाकोड़ा में 15 दिवसीय 99 यात्रा एवम बच्चो का शिविर आज से

संजीवनी टुडे

बालोतरा। विश्व विख्यात जैन तीर्थ नाकोड़ा मेवानगर तीर्थ में निश्रा दाता बाड़मेर रत्न मुनिराज सुमतिचन्दसागर म सा, मुनिराज शीतलचन्द सागर म सा की पावन निश्रा में उवसग्गहरं आराधक परिवार द्वारा 15 दिवसीय 99 यात्रा एवं बच्चों की शिविर का आयोजन 12/5/2024 से 26/5/2024 तक रहेगा इस शिविर में पाली, जोधपुर बालोतरा, बाड़मेर, सहित कई जगह से करीब 200 बच्चे इस भव्य शिविर वह 99 यात्रा में भाग लेकर गुरुदेव का आशीर्वाद वह जिनवाणी का ज्ञान प्राप्त करेंगे

महिमा कपूर को पीएचडी की उपाधि

संजीवनी टुडे

जयपुर। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कैमिस्ट्री डिपार्टमेंट की रिसर्च स्टूडेंट महिमा

कपूर को सिंथेसिस एंड फिजियो- एनैलेटिकल कैरेक्टराइजेशन ऑफ एंटीहाइपरटेंसिव ड्रग्स यूजिग ट्रांजिशन मेटल्स विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य प्रो. (डॉ.) सुनिता बिश्नोई और प्रो. (डॉ.) रुपाली श्रीवास्तव के निर्देशन में पूरा किया है।

हैप्पी व्यास परिवार ने उड़ाया 6 फीट बड़ा चंदा

संजीवनी टुडे

बीकानेर। हैप्पी व्यास परिवार जो कि पिछले करीब 35 साल से चंदा परंपरा को शहर में विकसित करने का काम किया है । चंदा जो कि सबसे पहले 1545 में राव बीका ने बीकानेर की स्थापना की तब उड़ाया था उसके बाद पंचायतों की तरफ से हैप्पी व्यास परिवार के गणेश लाल व ब्रजेश्वर लाल इस चंदे को उड़ाते थे फिर चंदा धीरे धीरे लुप्त प्रयाय सा हो गया फिर 1988 से हैप्पी व्यास परिवार के गणेश लाल व ब्रजेश्वर लाल व्यास ने व्यक्तिगत रुप से इस चंदे को मनाते और चाहे जूनागढ़ में उड़ाना हो या लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में उड़ाना हो इस परंपरा को निवृत रूप से जीवित रखा जो आज भी इस परंपरा का निर्वाह करते हुए 6 फीट का चंदा बनाकर अपनी परंपरा, संस्कृति जीवित रखने के लिए उसे उड़ाया गया। ''आखातीज रो तेल खिचड़ो, खावे मघो मूधडो'' '' आकाशो में उड़े मारो चंदों लक्ष्मीनाथ मारी स्याय करे'' इस प्रकार के पारंपरिक दोहों गाते हुए चंदा उड़ाया जाता है।

रायथल मे मनरेगा कार्यस्थल पर विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

संजीवनी टुडे

आहोर। रायथल-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत रायथल मे मनरेगा कार्यस्थल पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी-देवाराम ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम,लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, प्रिलिटिगेशन,श्रमिकों के अधिकार, नशा उन्मूलन, पौधारोपण अभियान सहित विभिन्न नालसा योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी।

आगामी एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होंगे

संजीवनी टुडे

जयपुर। भारतीयता को ध्यान में रखते हुए नए आपराधिक कानून पीड़ित केंद्रित बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव के साथ लाए गए हैं। तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर यह विचार गृह मंत्रालय एवं पत्र सूचना कार्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी जयपुर में शुक्रवार को आयोजित मीडिया कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (पुलिस ट्रेनिंग) डॉ. मालिनी अग्रवाल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2024 से तीन नए आराधिक कानून देशभर में लागू हो जाएंगे। डॉ. मालिनी अग्रवाल ने कहा कि आज साइबर अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है। तीन नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। भारतीय आत्मा वाले इन तीन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से चलेगी। इन नए कानूनों में सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के साथ आने वाले समय में फॉरेंसिक लैब की सुविधा को जिला स्तर पर भी स्थापित किया जाएगा। वार्तालाप में पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि इस वार्तालाप का उद्देश्य नए कानूनों की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाना है ताकि वे इन कानूनों के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए कानून त्वरित न्याय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान

एवं विकास ब्यूरो के सीडीटीआई से जुड़े समन्वयक सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगमोहन शर्मा ने बताया कि तीन नए कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। साथ ही भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून 'तारीख-पे-तारीख' के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी, जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि 35 धाराओं में समय सीमा निर्धारित की गई है। इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने के तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान है। साथ ही यौन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि भगोड़े अपराधियों की गैर-मौजूदगी के मामलों में 90 दिनों के भीतर केस दायर करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला देना होगा। उन्होंने बताया कि नए आपराधिक कानून दंड-केंद्रित नहीं, न्याय केंद्रित हैं। छोटे-मोटे मामलों में सामुदायिक दंड का प्रावधान रखा गया है। पांच हजार रुपए से कम की चोरी के मामलों में सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा का प्रावधान है।

साथ ही दुष्कर्म पीडिता के ई-बयान का प्रावधान भी किया गया है। इसके साथ ही अदालत में ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग पेश करने का प्रावधान किया गया है। इन कानूनों के मुताबिक गवाह, अभियुक्त, विशेषज्ञ और पीड़ित अदालत में वर्चुअल माध्यम से पेश हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि भगोड़े अपराधी के दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष या अधिक की सजा/आजीवन कारावास/मौत की सजा और भगोड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर जरूरी कदम उठाए जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही संगठित अपराधों पर नए प्रावधान बनाए गए हैं। साथ ही आतंकवाद को परिभाषित करते हुए इसके प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत किया गया है। आतंकवादी कृत्यों के लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन एडवोकेट निशीथ दीक्षित ने कहा कि पुलिस की जांच से लेकर अदालत की कार्यवाहियों को डिजिटल किया जाएगा। नए कानूनों में ई-रिकॉर्ड का प्रावधान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर और चार्जशीट डिजिटल होंगे। पीड़ित को 90 दिनों के भीतर सूचना प्रदान की जाएगी और 7 साल या उससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि राजद्रोह को निरस्त कर देशद्रोह को परिभाषित किया गया है।

वित्तीय साक्षरता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

संजीवनी टुडे

रैणी(अलवर)। ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं कृसिल फाउंडेशन भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा चलाया गया सीएफएल मनी वाइज प्रोग्राम के सहयोग से रैनी ब्लॉक में चल रहे मनरेगा कार्यक्रम पर जाकर एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण विकास ट्रस्ट से सेंटर मैनेजर कमला बाई बैरवा एवं क्रिसिल सखी प्रेम देवी और सीएफएल मनिवा इज प्रोग्राम के रैनी ब्लॉक से फील्ड कोऑर्डिनेटर मानसिंह कोली द्वारा सभी ग्रामीण लोगों को सरकारी बैंकिंग योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना, डिजिटल बैंकिंग लेनदेन सुविधा एवं फ्रॉड से बचने का तरीका भी बताया गया। उन्होंने छोटी-छोटी बचत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं साथ में इन योजनाओं से जुड़ने का तरीका भी बताया गया। कमला बाई के द्वारा सभी लोगों को जीवन में वित्तीय साक्षर बनने के लिए जीवन में एक लक्ष्य निर्धारण करना चाहिए के बारे में जानकारी दी और कहा कि बचत का निवेश ऐसी जगह लगाना चाहिए जहां अपना पैसा सुरक्षित और बढ़ते हुए हो जीवन में सुरक्षित रहने के लिए बीमा पेंशन स्कीम से जुड़कर भविष्य सुरक्षित रख सकें इसके साथ ही लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत भी कराया गया। शिविर में लगभग 60 नरेगा मेठ सहित ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

परशुराम जयंती मनाई

संजीवनी टुडे

भीनमाल। शहर के आदर्श नगर कॉलोनी में परशुराम चौराहा पर सर्व समाज और विप्र समाज की ओर से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर परशुराम सर्किल को दीपमाला और फूलमालाओं से सजाया गया। इस दौरान रमेश पुरोहित ने कहा कि महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुरामजी का मूल नाम राम था किन्तु भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुरामजी हो गया। डॉ. अरूण कुमार दवे ने कहा कि कठिन तप से प्रसन्न हो भगवान विष्णु ने उन्हें कल्प के अंत तक तपस्यारत भूलोक पर रहने का वर दिया। परशुराम जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर, अर्चन रंगोली, महाआरती का आयोजन भी हुआ।इस अवसर पर डॉ अरुण देव, प्रवीण एम. दवे, रमेश पुरोहित, नंदकिशोर, महेश व्यास,सुरेश कुमार बोहरा, शंभुदत्त व्यास, नरोत्तम दवे, श्रवण शर्मा, प्रकाश शर्मा, रमेश दवे, किस्तुराराम प्रजापत, गोपाराम, डॉ. घनश्याम व्यास, निरंजन व्यास, दरगाराम पुरोहित, चिराग बोहरा, मितेंद्र बोहरा, मनीष दवे, वासुदेव और महेंद्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

दुब्बी गांव में चुडसिद्व महाराज के मेले में दंगल व भण्डारे का हुआ आयोजन

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम दुब्बी में चुडसिद्व महाराज (संत बाबा) का एक दिवसीय मेला एवं भंडारा हरिकिर्तन दंगल सम्पन्न हुआ। भगत पप्पू राम मीना एवं प्रकाश भाबला दुब्बी ने बताया कि श्री श्री 108 श्री चुडसिद्व संत बाबा महाराज दुब्बी गांव के कुल देवता हैं। हजारों साल पहले संत बाबा हमारे गांव की इस तपोभूमि पर तपस्या की थी। उसके बाद संत महाराज जी ने जिंदा समाधी ली थी तब से ही बाबा की पूरा गांव पूजा करता आ रहा है। गाय, भैंस, बकरी, बच्चा देने के बाद पहला दुध, खीर का पकवान सोमवार को बाबा के चढ़ाया जाता है। उसके बाद ही दुध, घी बाहर देते हैं। हर साल छोटे समूह में आखातीज को बाबा का मेला भरता था। आज के दिन ही गांव बस्ती माता के छोटे बच्चे जडुले बाबा के चढ़ाएं जाते हैं। आखातीज के दिन पूरा गांव में घर घर से कढ़ाई चढाई जाती है और हर सोमवार को

बाबा की गांव में पकवान बनाकर एवं पान पतासा चढाते है। संत बाबा के दरबार में 24 घंटे सातों दिवस अखंड देसी घी ज्योति जलती है। इस वर्ष समस्त बस्ती माता की सहमति से प्रथम विशाल मेला श्री बालकदास महाराज एवं गोपालदास महाराज के सानिध्य में विशाल मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें 9 व 10 मई को हरिकिर्तन पार्टी मेड़िया घासीराम हिरनोटी, धर्मसिंह एंड पार्टी प्रेमपूरा, भीखाराम एंड पार्टी डेन्डान के द्वारा धार्मिक कथाएं सुनाई गई। जिसको सैकड़ों लोगों ने सुनकर भक्ति का आनंद लिया। संत के दरबार में उदेदास महाराज, भर्तृहरि, सागरिक जी , महादेव जी का शिवालय, राधाकृष्णन जी हनुमान जी भैरुजी का मंदिर स्थित है। गांव के बड़े बुजुर्ग बताते हैं इस दरबार में सैकड़ों गुप्त दुणा हैं। दर्जन भर बांस के बडगे जिनमें हजारो हरे भरे बांस है साथ में आंवला नीम अमरुद आम कदम अशोक छोटे बडे सैकड़ों प्रकार के पेडो से हरी-भरी बगिची लहरातीं रहती है। गांव में कोई भी बेरोजगार नौकरी लगता है तो पूरे गांव की सवामणी संत महाराज के करते हैं। संत महाराज को साल में 4-5 बार पूरा गांव घर घर से कडाई चढ़ाते हैं। इसके अलावा हर सोमवार को बाबा को खीर पकवान से पुजते रहते हैं। शुक्रवार को आखातीज को विशाल मेले और भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने धार्मिक कथा सुनकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महिला और बच्चों ने खिलोने एवं घरेलू सामान की बडे चाव से खरीदारी की। मेले में आसपास के ग्रामीण इलाकों से हजारों की संख्या में लोग संत बाबा के दर्शन के लिए आते हैं।

पिण्डवाडा में दिन दहाडे बाईक चोरी की वारदाते थमने का नाम नही ले रही, लोगो में भय का मॉहौल

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। पिण्डवाडा उपखण्ड क्षैत्र सहित शहर भर में दिन दहाडे बाइक चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहीं। यहां पिछले दो माह में दर्जनो बाइक चोरी हो चुकी हैं। कई लोगों द्वारा एफआईआर पुलिस थानों में हो चुकी हैं, इनके अलावा बड़ी संख्या में बाइक चोरी की वारदात हो चुकी हैं। बाइक चोरी की वारदात से आम आदमी काफी भयभीत है। जानकारी के अनुसार पिण्डवाडा शहर में दिन दहाडे बाईक चोरी की वारदाते थमने का नाम नही ले रही है, चोरी की वारदातों को बेखौफ अंजाम देने वाले अपराधियों में पुलिस का डर तो मानो समाप्त हो चुका है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों का लम्बे समय से चला आ रहा यह सिलसिला आखिर कब थमेगा, शहर सहित अन्य थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात लगातार हो रही हैं्म बुधवार को पिण्डवाडा शहर के आमलीरोड बाजार स्थित एक रहवासी मकान के आगे खडी बाईक की चोरी की वारदात को दिन दहाडे करीबन 11 बजे अपराधियो द्वारा अंजाम दिया गया। पिण्डवाडा निवासी हीरालाल मुलाजी प्रजापत ने पुलिस थाने में रिंपोर्ट देकर बताया कि उसके होण्डा साईन बाईक खडी करके धर में अन्दर गया तथा करीब डेढ घंटे बाद जब जाने के लिए बाहर आया तब बाईक उस ने स्थान पर नही थी। परिवारजनों द्वारा काफी खोजबीन की लेकिन नही मिली, इसी दरम्यान आस-पास लोगो के लगाए सीसीटीवी कैमरे की तलाशी ली तब उसमें अज्ञात आरोपी बिना किसी खौफ के बाईक को ले जाते हुए देखे गए है। पुलिस ने फरियादी की रिंपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही शुरू की है। ऐसे और भी कई मामले में हैं जिनमें फरियादी को रिपोर्ट लिखवाने के लिए पुलिस थाने में चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वही बाईक चोरी की वारदातों का लगातार यह सिलसिला नही रूकने से लोगो में चोरी होने का भय समाया हुआ है।

परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की

संजीवनी टुडे

धनाऊ। तहसील मुख्यालय धनाऊ क्षेत्र के सावा फांटा सुथारों की ढाणी में स्थित सुंधा माता मंदिर प्रांगण में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन की कथा का श्रवण करवाते हुए संत सियाराम महाराज ने कहा कि जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया। भगवान कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें।संत ने राम कथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के साथ में समूचा पूरा पांडाल खुशी से झूम उठा मौजूद श्रद्धालुओ भगवान कृष्ण के जय जयकार के साथ झूमकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। कथा में शंकर सुथार धनाऊ, जुंजाराम जाखड़, नानगाराम सुथार, बाबुलाल शर्मा, हिराराम जाखड़, कमलेश खिलेरी, मेघाराम ढाका, जसाराम जाखड़, कंवराराम जाखड़, दुर्गाराम सुथार, टीकम शर्मा, आदुराम प्रजापत, छगनलाल सुथार, सुभाष जाखड़ सहित कई भक्त गण मौजूद थे कथा सुनने नगर सहित धनाऊ, भुणिया, सदराम की बेरी, सेड़वा, सांवा, भंवार, हरपालिया, सारणों की नाडी, गुल्ले की बेरी, शोभाला सहित कई गांवों के सेकडो ग्रामीण मौजूद रहें।

मारकुण्डेश्वर सरस्वती धाम मे देव वंशीय मालवीय लौहार समाज भवन जिर्णोद्वार कार्य का शुभारम्भ

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। निकटवर्ती अजारी गांव समीप स्थित मारकुण्डेश्वर सरस्वती धाम मे रोही परगना क्षैत्र के देव वंशीय मालवीय लौहार समाज की प्राचीन धर्मशाला के जिर्णाद्वार कार्य को लेकर अक्षय तृतीय अबुज मुर्हत में विधिवत पुजा-अर्चना के साथ किया गया। जानकारी के अनुसार बैठक अजारी स्थित श्री मारकुण्डेश्वर व मॉ सरस्वती धाम मे स्थित रोही परगना क्षैत्र के देववंशीय मालवीय लौहार समाज के अध्यक्ष गोविन्द लौहार अजारी की अध्यक्षता में विद्वान पंडित अमृत महाराज अजारी के मुखारविन्द से वैद मंत्रोच्चारण द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के द्वारा निर्माण कार्य के शुभारम्भ करने का आगाज किया गया। इस अवसर पर देववंशीय मालवीय लौहार समाज रत्न एवं अयोध्या श्री राम मंदिर के मुख्य निर्माता मातेश्वरी मार्बल के नरेश लोहार व रोहित लोहार, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार वीरवाडा, सचिव जयंतिलाल मालवीय वीरवाडा, महेन्द्र मालवी, रमेश चन्द्र लौहार कोजरा, गौविन्द मालवीय,प्रकाश लौहार, गणपतसिंह भाटी, उप सरपंच हितेश रावल, पुर्व सरपंच कालुराम चौधरी, विहिप के राधेश्याम गर्ग सहित सैकडो समाज के लोग उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह समारोह समाज को आर्थिक संबल देने के साथ एक नई दिशा देने में अहम साबित हो रहे है: जूली

संजीवनी टुडे

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह निश्चित तौर पर समाज को आर्थिक संबल देने के साथ एक नई दिशा देने में अहम साबित हो रहे है। जूली शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित सार्वजनिक गौशाला में सतीश भाटिया ट्रस्ट की ओर से आयोजित आठ बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को मुख्य अतिथि के रूप में आशीर्वाद दे रहे थे। जूली बोले जरूरतमंद परिवारों के सपने को साकार करने में निशुल्क सामूहिक विवाह बेटियों के हाथ पीले करने का अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणादाई सामूहिक विवाह गौशाला में संपन्न हुआ है

आज अक्षय तृतीया पर गोदान और कन्यादान दोनों का विशेष महत्व है। सामूहिक विवाह समारोह में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सतीश भाटिया,संजीव बारेठ, अश्विनी अग्रवाल, कैलाश, जोगेंद्र कोचर, प्रियांशु अग्रवाल, विनोद, पवन

अग्रवाल, संजय,प्रेम गांधी सहित ट्रस्ट के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व जूली अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा, मोती का बास, बरखेड़ा, चोमू, लिली, मिर्ज़ापुर सहित विभिन्न गांव में पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल हुए।

खण्डेलवाल महिला समिति ने अक्षय तृतीया पर गरीब परिवार की बेटी की शादी के कन्यादान में दिए उपहार

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। खण्डेलवाल महिला समिति राजगढ़ ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए अक्षय तृतीया पर गरीब परिवार की बेटी की शादी पर कन्यादान में अनेक सामग्री भेंट की। खण्डेलवाल महिला समिति की संरक्षक आशा तांबी एवं अध्यक्ष इंदिरा रावत ने बताया कि शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन शकुंतला बैरवा की सुपुत्री कुमारी ममता बैरवा के विवाह के उपलक्ष्य में खंडेलवाल महिला समिति की सभी सदस्यों ने कन्यादान के रूप में सामग्री भेंट की। जिसमें फर्श, चद्दर, साड़ी, शॉल, मेकअप का सामान, बैंगल बॉक्स, प्लास्टिक कंटेनर, फ्रूट कटर एवं नकद राशि आदि सामान दिए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदिरा रावत, आशा तांबी, अनीता बड़ाया, मीनाक्षी रावत, गायत्री, कांता ताम्बी, सरिता, मिनाक्षी गुप्ता, सुमन, निशा, कृष्णा, विमला, सुषमा, सुनीता,मधु और मीना सहित समिति की सभी महिला सदस्य मौजूद रहीं।

कानोड़ - भिंडर सड़क मार्ग पर भीषण सड़क हादसा दंपति की मौत

संजीवनी टुडे

कानोड़। उदयपुर जिले के कानोंड इलाके से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है, जहां पर उदयपुर कानोड़ भींडर मुख्य सड़क मार्ग पर बड़ा भीषण हादसा हुआ है, मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 1 बजे के करीब भिंडर - कानोड़ के मुख्य सड़क मार्ग के बड़वाई चौराहे के पास भाटीया तलाई के यहां उदयपुर कि और से आ रही तेज रफ्तार होडा सीटी कार टद्ध 27 एक9397 ने कानोड़ की और से आ रही बाइक को चपेट में ले लिया , जिस पर बाइक पर सवार दंपती को गंभीर हालत में ग्रामीणो ने कानोड़ चिकित्सालय पहुंचाया ,जहां पर चिकित्सकों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया, वहीं घटना की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई ,तो मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए , वही बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनको भी राहगीरों की मदद से चिकित्सालय पहुंचाया गया है, तो वहीं कई ग्रामीण यह भी बता रहे हैं कि ,कार में सवार लोग घटना होने के बाद मौके से भाग निकले हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं करते है, वहीं बताया जा है कि बाइक पर सवार दंपती गणेश डांगी व? बाबुडी डांगी जो कानोड़ के निकटवर्ती बड़ा राजपुरा गांव से प्रसादी गोल वीटी कार्यक्रम में शामिल होकर पुनः अपने गांव वल्लभनगर लौट रहे थे, तो रास्ते में ही सड़क हादसा हो गया, ग्रामीणों के अनुसार मृतक गणेश डांगी वल्लभनगर में किसी बैंक में कार्य करता था। वही घटना की जानकारी मिलते ही परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं हादसे में बाइक व कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है, जो आप तस्वीरों में देख सकते हैं कि हादसा कितना बड़ा हुआ है। वहीं घटना की जानकारी पाते ही मौके पर डुंगला थाना पुलिस पहुंची है।

अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य पर पोधरोपण कर दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश

संजीवनी टुडे

करौली। राजकीय महाविद्यालय करौली के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर और समाजसेवी तथा युबाओ की पसंद दिनेश चंद मीना और पत्रकार जीतपाल गुर्जर ने अक्षय तृतीया पर तुलसी के पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। प्रोफ़ेसर मीना ने वर्तमान में फैल रही बायरस जनित वीमारियो को प्राकृतिक रूप से काबू पाने पर तुलसी का पौधा लगाने पर विशेष बल दिया। मीना ने बताया की तुलसी के पौधे में समस्त बीमारियों का सामना करने की क्षमता होती है साथ ही कहा की व्यक्ति का पहला सुख निरोगी काया होता है इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए । साथ ही संजीवनी टुडे के संवाददाता जीतपाल गुर्जर ने भी हर घर तुलसी का पौधा लगाने की बात कही तथा युवाओं को सचेत किया कि पर्यावरण को बचाने में जल पुरुष राजेंद्र यादव ने जो प्रयास किए उनके द्वारा रूखी जमीन में भी आज डांग छेत्र मे हरियाली देखने को मिलती है । इस प्रकार के प्रयास से आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते है ।

खबरें फटाफट

खेत मे हरा चारा काटते वक्त व्यक्ति की तबियत खराब होने से मौत

संजीवनी टुडे

सलूम्बर।सलूम्बर जिले के गिंगला थाना क्षेत्र में खेत मे चारा काटते वक्त व्यक्ति की तबियत खराब होने से उसकी मौत हो गई। गिंगला थाने के एएसआई सन्त कुमार ने बताया कि दामा पिता गौता मीणा उम्र 51 वर्ष ,निवासी वेला फला जाम्बुडा जो दोपहर में अपने खेत मे हरा चारा काटने गया था,अचानक चारा काटते वक्त उसकी तबियत खराब हो गई।जहां मूर्छित होकर खेत मे पड़ा था। बेहोश देख परिजनों ने उसे खेत से घर पर लेकर आये जहां उसकी मौत हो गई।मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जहां मामले कि जानकारी के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक को सलूम्बर स्थित जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव को शिफ्ट करवाया।समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों ने रिपोर्ट नही दी थी। आज सुबह परिजनों की रिपोर्ट के बाद पोस्टमार्टम की प्रकिया होगी।व्यक्ति की मौत की वजह पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वस्तुस्थिति साफ होगी।

मादड़ी में जनजाति समाज का आठ जोड़ें का सामुहिक विवाह का हुआ है

संजीवनी टुडे

फलासिया।उदयपुर जिले के फलासिया पंचायत समिति क्षेत्र के मादड़ी ग्राम पंचायत में शुक्रवार को जनजाति समाज के आठ जोड़ें का सामूहिक विवाह का आयोजन गुंजन सेवा संस्थान एवं पंचायत समिति फलासिया के संयुक्त तत्वाधान शुक्रवार दोपहर में खेल मैदान मादडी में संपन्न कराया जिसमें जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी भाजपा सांसद प्रत्याशी मन्नालाल रावत पूर्व देहात जिला अध्यक्ष भंवरसिंह पवार फलासिया भाजपा मंडल अध्यक्ष भोपालसिंह शक्तावत झाडोल मंडल अध्यक्ष नीलम राजपुरोहित झाड़ोल प्रधान राधा देवी उपप्रधान हकराभाई खराड़ी जिला परिषद सदस्य घुलाराम भगोरा फलासिया मंडल महामंत्री फतुभाई पटेल सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पारंगी सुनील भजात जगदीश सहित गुंजन सेवा संस्थान के राजेंद्र फलासिया पंचायत समिति विकास अधिकारी अशोक डिंडोर व मादडी ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामवासी ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

नरेगा कार्यों में अनियमितता मिलने पर जिला परिषद सीईओ ने अपनाया कड़ा रुख

संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में जिले में ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने के लिए नरेगा योजना का प्रभावी क्रियान्वन किया जा रहा है। इन समस्त कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड़ द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते हुए कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। हाल ही में जिले के गोगुंदा क्षेत्र में जारी नरेगा कार्यों के निरीक्षण के दौरान अनियमितता मिलने पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने कड़ा रुख अपनाते हुए गोगुन्दा के विकास अधिकारी देवेन्द्र कंसल को मेट सहित संबंधित सभी कार्मिकों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि सीईओ ने गोगुंदा में निरीक्षण के दौरान नरेगा कार्यों में अनियमितता मिलने पर गोगुन्दा के विकास अधिकारी कंसल को संबंधित मेट को ब्लेक लिस्टेड करने, कनिष्ठ सहायक को चार्जशीट देने तथा कम्प्यूटर आपरेटर, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं सहायक अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

थाना जमवारामगढ़ की बड़ी कार्यवाही, 01 साल से फरार चोरी के मुल्जिम को किया गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

जमवारामगढ़। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण डा. शांतनु कुमार सिंह (ऋष्ट) ने जानकारी देते हुये बताया कि ईनामी अपराधियों, भगौड़े एवं वाछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतू डॉ. हरि प्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला जयपुर ग्रामीण एवं प्रदीप गोयल आरपीएस वृताधिकारी वृत जमवारामगढ़ के निकट सुपरविजन में हरदयाल मीणा उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना जमवारामगढ के नेतृत्व में प्रकरण सं. 161 / 2023 धारा 447,427,379 भादस एक वर्ष से फरार चल रहा चोरी का मुल्जिम सियाराम पुत्र प्रभात उर्फ प्रभातीलाल जाति ब्राहामण उम्र 43 साल निवासी जयसिंहपुरा थाना जमवारामगढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

बैंड बजाने का कार्य करने वाले नरेंद्र के घर ड्रीम 11 लाया खुशियों की सौगात,जीते 1 करोड़ 40 लाख

संजीवनी टुडे

प्रतापगढ़।देने वाला जब भी देता देता छप्पर फाड़ के।ऐसा ही कुछ हुआ है प्रतापगढ़ के इंदिरा कॉलोनी निवासी नरेंद्र दमामी के साथ ड्रीम 11 पर कई वर्षों से अपनी टीम बनाने वाले नरेंद्र ने 1 करोड़ 40 लाख का इनाम जीता है। नरेंद्र को इस बात का जरा भी पता नहीं था कि उसका नसीब इस कदर साथ देगा कि उसकी किस्मत ही बदल जाएगी।नरेंद्र दमामी अचानक से रातो रात करोड़पति बन गए हैं।नरेंद्र के एक करोड़ जीतने के बाद उसके बैंड बजाने का कार्य करने वाले पिता मन्नालाल दमामी भी बहुत खुश हैं।दरअसल,नरेंद्र पिछले दो वर्षों से ड्रीम 11 में अपनी टीम बना रहे हैं।नरेंद्र को अपने आप पर भरोसा था कि वह एक न एक दिन जरूर एक करोड़ जीतेगा।यही कारण रहा कि दो वर्षों तक वह लगातार प्रयास करता रहा और अपनी टीम बनाता रहा।नरेंद्र का कहना है कि उसने पंजाब और बेंगलूर के बीच हुए मैच में ड्रीम 11 पर टीम बनाई थी बेंगलूर

की जीत पर 1 करोड़ का सेकंड प्राइस जीता और साथ ही एक अन्य कंटेस्ट में चालीस लाख का इनाम जीता है।एक ही टीम को दो अलग अलग कंटेस्ट में लगाकर नरेंद्र एक ही दिन में दो विनिंग प्राइस जीते है जैसे ही नरेंद्र ने अपनी मम्मी-पापा को यह बात बताई,उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा।पूरे शहर के लोग उसके मम्मी-पापा को बधाई दे रहे थे।प्रतापगढ़ जिले में अब तक दो लोग एक करोड़ जीत चुके हैं।लोगो की माने तो जिले में ड्रीम 11 में 1 करोड़ रकम जीतने वाला वह दूसरा विजेता बन गया है।नरेंद्र दमामी का कहना है कि ड्रीम 11 में मैच लड़ाना इतना भी आसान नहीं हैं।क्योंकि वह खुद दो वर्षों से अपनी टीम लगा रहा है। हालांकि अब जा कर उसका नसीब चमका है।वह बताते हैं कि सबसे बड़ी बात ड्रीम 11 में टीम बनाने के लिए दिमाग का सही इस्तेमाल करना होता है। नरेंद्र ने बताया कि जीते हुए 1 करोड़ 40 लाख में से टैक्स काटकर बाकी के 98 लाख रुपए उसके अकाउंट में आयेंगे।नरेंद्र हाल फ़िलहाल में एक किराये के मकान में रहते है और अपने परिवार के भरण पोषण के लिये उनके पिताजी मध्यप्रदेश के इंदौर में शादियों में बैंड बजाने का कार्य करते है तो वही नरेंद्र भी प्रतापगढ़ में एक बैंड में ड्रंप पैड बजाते है।नरेंद्र ने बताया कि शादियों की सीजन में 500 रुपये तक देहादी मिल जाती है आम दिनों में घर खर्च भी भारी पड़ता है।ऐसे में भगवान ने उनकी सुनी है और अब वे सबसे पहले अपना एक घर बनायेंगे।

बारिश ने दिलाई भीषण गर्मी से राहत

संजीवनी टुडे

भीण्डर। उमस और बादलों के बीच भीषण गर्मी से परेशान लोगों को शुक्रवार दोपहर को राहत मिली। भीडर व आसपास के इलाकों में हल्की बारिश होने के बाद ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। इससे मौसम सुहाना हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में आए बदलाव का फायदा कई दिन तक मिलेगा। रिकार्ड तोड़ तापमान के बीच भीषण गर्मी का दौर एक सप्ताह से जारी था।दरअसल हवा में उमस बढ़ जाने के कारण लोगों को गर्मी का अहसास ज्यादा हो रहा था। ब। शुक्रवार सुबह से ही भीषण गर्मी का अहसास हो रहा था। दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश आने से मौसम सुहाना हो गया। अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी रिकार्ड की गई। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने पसीना-पसीना हो रहे लोगों को राहत दी।

बंबोरा, सोमाखेड़ा, फीला क्षेत्र में पैंथर का आतंकः वन विभाग की टीम पिंजरे और कैमरे लेकर पहुंची

संजीवनी टुडे

उदयपुर।उदयपुर जिले के कुराबड़ ब्लॉक के बंबोरा, सोमाखेड़ा व फीला ग्राम पंचायत क्षेत्र में पैथरों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है। आए दिन मवेशियों का शिकार कर रहा है। उदयपुर जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, डीएफओ मुकेश सैनी को घटना की जानकारी दी गई। तथा खबर प्रकाशन के बाद गुरूवार को कुराबड़ क्षेत्रिय वन अधिकारी हितेन्द्र सिंह मय टीम क्षेत्र में पहुंचे और उदयपुर से नया पिंजरा मंगवाया तथा निगरानी के कैमरे लगाए गए है। जयसिंह के नेतृत्व में कार्मिकों को क्षेत्र में तेनात किये गये है। बम्बोरा, सोमाखेड़ा, फीला गांवों में हर रोज कहीं न कहीं ग्रामीणों को पैंथर नजर आ ही जाता है और मवेशियों का शिकार कर जाता है। बम्बोरा में विक्रम सिंह झाला के बाडे में बछडे को मारने के बाद गाय की सुरक्षा के लिए उन्होंने लोहे की झाली बनाई है लकिन पैंथर रोज उसके पंजा मारता है और आ धमकता है। वहीं ऐसा ही नजारा सोमाखेडा में एक किसान के यहां दो दिन से रोज पैंथर आ रहा है। तो मुझेला, फीला, पातुखेड़ा, भीण्डर चौराया, दर्जी मंगरी, पेट्रोल पंप,भादेला, चौहान मोहल्ला आदि जगहों पर पैंथर का निरन्तर मूवमेंट रहता है। ग्रामीण अब भयभीत होने लगे है।

किले मंदिर पर श्री राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी प्राकट्योत्सव पर पूजा अर्चना

संजीवनी टुडे

खेरवाड़ा। वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया पर कस्बे के प्राचीन दुर्ग स्थित श्रीराज राजेश्वर चिरंजीवी भगवान श्री परशुरामजी मंदिर खेरवाड़ा पर प्राकट्योयोत्सव पर्व आस्था एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत भारत भूषण महाराज के सानिध्य में वैदिक पद्दित से उपासना कर दूध, दधि, घृत, मधु, शर्करा द्वारा स्नान करा सुगंधित जल से स्नान कराया गया। पूजा में भगवान विष्णु के अवतार को नए वस्त्र, यज्ञोपवीत, तुलसी के पत्र, कुमकुम, अक्षत, पुष्पमाला, सौभाग्य द्रव्यादि, गेहूं का सत्तू, चने की दाल, फूल, धूप-दीप, नैवेद्य, फल, मिठाई, पंच मेवा, विशेषार्घ्य भेट की गई। समवेत स्वरों में आरती आराधना की गई। ? जामदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहि तन्नो परशुरामः प्रचोदयातत, ? रां रां ? रां रां परशुहस्ताय नमः मंत्र जप सर्व लोक हिताय किया गया। पीठाधीश्वर महंत ने

बताया की आज के दिन किया गया पूजन और दान धर्म अक्षय रहता हैं। यह जन्मोत्सव सभी धर्म के सावों वाला उस युगपुरुष का हैं जो समाज में न्याय की भावना के पक्षधर थे। सूर्य जो विश्व को प्रकाशित करता है पश्चिम में जाने पर डूब जाता है, मानव भी संस्कारों से विमुख होकर पश्चिमी सभ्यता को अंगीकार कर स्वयं विनाश की और चल पड़ा है अतः संस्कारों को न छोड़ें। आचार्य लावण्य जोशी, नवीना जोशी सहित भक्तों की दर्शनार्थ रेलमपेल रही। अंत मे संरक्षक गुरुदेव कृष्ण गोपाल जी जोशी द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

156 किलो अवैध अफीम डोडाचुरा व 04 लाख रूपये नगद जब्त, पंजाब निवासी दो आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

ट्रक की बॉडी में स्किम बना छिपा रहे थे डोडाचूरा के 05 कट्टे

चित्तौड़गढ़। जिले की गंगरार थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए एक ट्रक की बॉडी में स्किम बना छिपाकर परिवहन करने जा रहे 05 कटटो में भरे 156 किलो 200 ग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा को जब्त कर पंजाब के निवासी दो आरोपियों को हिरासत में लिया हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ कार्यवाही के तहत एएसपी परबत सिंह जैतावत व डीएसपी गंगरार रविन्द्रप्रताप सिंह के सुपरविजन में शुक्रवार सुबह थानाधिकारी मोती राम पु.नि. थाना गंगरत के पुलिस जाप्ता के साथ लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही व हल्का

गश्त करते चोगावडी पुलिया के पास पहुचें। जहां सुनसान जगह पर पुलिया के निचे खडे ट्रक में दो व्यक्ति हलचल करते हुए नजर आये, जिन्हे पुलिस जाप्ता की सहायता से ट्रक में ही खडे रहने की हिदायत कर नियमानुसार तलाशी ली गई। उक्त ट्रक की बॉडी के अन्दर फर्श में स्कीम बनायी हुई होकर प्लास्टिक की थैलीयों के खुले हुए पैकेट पडे हुए व ट्रक की बॉडी के फर्श से लकडे के दो फंटे हटाये हुए थे, जिसमें ये दोनों व्यक्ति अवैध डोडाचुरा को प्लास्टिक की थैलीयों में भरकर प्लास्टिक की थैलीयों को ट्रक की सतह में बनी हुई स्कीम के अंदर छुपा कर भरने वाले थे। उक्त अफीम डोडाचुरा का वजन किया गया तो प्लास्टिक के पांच कटटो में कुल 156 किलो 200 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा भरा हुआ होना पाया गया। ट्रक की पुनः तलाशी ली गई तो उसमें अफीम डोडाचुरा खरीद फरोख्त करने हेतु रखी गयी कुल 04 लाख रूपये नगद राशी मिली। उक्त अवैध डोडाचूरा, नगद राशि व ट्रक को जप्त कर मौके से दोनो आरोपियों पंजाब के सोडिया थाना मच्छीवाडा जिला लुधियाना निवासी 46 वर्षीय सुखविंदर सिंह पुत्र बलवीर सिंह जट सिख व बडी हरीओम थाना समराला जिला लुधियाना निवासी 28 वर्षीय सत्यवीर उर्फ प्रिन्स पुत्र कर्मजीत सिंह जट सिख को गिरफतार किया गया व प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

कार्यवाही में शामिल टीमः-

मोती राम पु.नि. (थानाधिकारी), हैडकानि लेहरीलाल, कानि. दिनेश चौधरी, रिधकरण, मदन लाल, गजेन्द्र व भेरूलाल।

विश्व नर्सिंग दिवस पर समारोह रविवार को

संजीवनी टुडे

मेनार। नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के स्मृति में राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन उदयपुर ग्रामीण तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर समारोह का आयोजन रविवार को होगा। आर एन ए उदयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष कुंदनलाल मेनारिया ने बताया की रविवार को आयोजित समारोह का आयोजन जनार्दन राय विद्यापीठ

विश्वविद्यालय पुराना आर टीऑफिस के सभागार में आयोजित होगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर डॉ शंकर लाल बामनिया होंगे। साथ ही विभिन्न ब्लॉक के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सेवानिवृत्ति नर्सिंग अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आर एन ए के मुख्य संरक्षक भूपेंद्र सिंह शक्तावत ने बताया की उक्त कार्यक्रम को लेकर के विभिन्न ब्लॉक की बैठक का आयोजन कर नर्सेज को निमंत्रण दिया जा रहा है । कार्यक्रम में वर्तमान वर्तमान परिपेक्ष नर्सेज की चुनौतियों, उनकी महत्ता सहित जिले के विभिन्न ब्लॉक से नर्सिंग अधिकारियों का नर्सेज रत्न से अभिनंदन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम को लेकर के शनिवार देर शाम को बैठक का आयोजन किया गया। जहां पर सभी पदधिकारी ने समारोह को लेकर के तैयारियों को लेकर चर्चा की बैठक के दौरान चंचल चौधरी, गौरव कुमार , सुरेंद्र सिंह , सुरेंद्र चौधरी, प्रवीण लोहार, महेश लोहार, संजय मेघवाल सहित नर्सिंग अधिकारीगण उपस्थित थे। केप्शन। मेनार। विश्व नर्सिंग दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को लेकर के मुख्य अतिथि को निमंत्रण भेंट करते हुऐ।

मावली में जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 प्रथम चरण योजना की बैठक

संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में उपखण्ड अधिकारी मावली कार्यालय में एडीएम मनसुख राम डामोर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 प्रथम चरण योजना की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विकास अधिकारी शैलेन्द्र पी. खीची, सहायक अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, अन्य सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य सचिव व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अतिरिक्त निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित वीसी एवं शासन सचिव, पंचायत विभाग के पत्र के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 प्रथम चरण एवं अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 प्रथम चरण योजना अन्तर्गत विभागीय योजनाओं महात्मा गांधी नरेगा और राज्य मद में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 प्रथम चरण अन्तर्गत अनुमादित कार्यों का बकाया प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शीघ्र जारी किये जाने की जानकारी दी गई। इनके साथ की महात्मा गांधी नरेगा में जीओ टेंग कार्यो को मनरेगा प्लान में अनुमोदित करने, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 प्रथम चरण के ऑनलाईन पोर्टल चालू होने तक प्रत्येक सप्ताह की सूचना भिजवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उपखण्ड अधिकारी ने प्रचार -प्रसार के साथ- साथ जन सहभागिता सुनिश्चित करने, कार्यों पर एक डिस्प्ले बोर्ड लगवाया जाना सुनिश्चित करने के लिये पाबन्द किया।

परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा में उमड़े विप्रजन, जगह -जगह हुआ स्वागत

संजीवनी टुडे

खेरवाड़ा । जय परशुराम लिखी भगवा ध्वजाएं थामे युवकों के साथ जब बड़ी संख्या में विप्र महिला-पुरुष पारंपरिक परिधान में कस्बे की सड़कों से गुजरे तो माहौल धर्ममयी नजर आया । भगवान परशुराम के जयकारों के साथ कस्बे के प्रत्येक मार्ग में देशभक्ति के नारे से गुंजायमान कर दिया । मीडिया प्रभारी हितेश जोशी ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विप्र फाउंडेशन की ओर से कस्बे में शुक्रवार शाम 4 बजे शोभायात्रा श्री राम मंदिर से बैंड बाजे एवं झांकियों के लवाजमें के साथ धूमधाम से निकाली गई तो कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया। इससे पूर्व वैदिक रीति से पूजन पंचामृत स्नान,षोडशोपचार पूजन, वस्त्र,पुष्पमाला,तुलसी जल अर्पण कर विधि-विधान वेदाचार्य महाआरती से ब्राह्मण समाज ने अपने आराध्य देव का स्तवन किया । मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत द्वार,पुष्प वर्षा, मिठाई,शर्बत,जलपान आदि से शोभायात्रा का स्वागत किया । देर शाम शोभायात्रा आजाद चौक,निचला खेरवाड़ा,शक्ति नगर,विवेकानंद चौराहा,पुराना बस स्टैंड,मोचीवाड़ा एवं दर्जीवाडा से होते

हुए पुनः श्री राम मंदिर पहुँची । शोभायात्रा में भगवान परशुराम की जीवंत झांकी व बग्गी में विराजमान भगवान परशुराम आकर्षण का केंद्र रहे। पुरुष श्वेत परिधान पहने तथा महिलाएं केसरिया साड़ी पहने आकर्षण का विशेष केंद्र रहे ।महिला संकीर्तन मंडलियां शोभायात्रा के दौरान कीर्तन करते चल रही थीं । शोभायात्रा के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए विप्र तहसील अध्यक्ष हरीश पानेरी ने विप्र समाज को भगवान परशुराम गौ- माता, माता-पिता और राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलाया । उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी समस्त सनातन जगत के आराध्य हैं।हर युग में भगवान परशुराम जी ने समाज में सामाजिक न्याय एवं समानता की स्थापना के लिए अपना अतुलनीय योगदान दिया।अष्ट चिरंजीवियों में शामिल भगवान परशुराम जी कलियुग में होने वाले भगवान के कल्कि अवतार में उन्हें वेद-वेदाङ्ग की शिक्षा प्रदान करेंगे। साथ ही कोई भी कर्म जो जन-कल्याण की भावना से किया जाता है, वह यज्ञ स्वरूप हो जाता है और इससे धर्म की प्रतिष्ठा होती है। कोई भी पुराण भगवान परशुराम जी के पावन चरित्र के बगैर पूर्ण नहीं होता। तत्पश्चात महाआरती के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में उदयपुर से विफा युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारी , ऋषभदे व,डूंगरपुर, महूदरा,सुन्दरा, छाणी,सेरेरा,थाणा,पहाड़ा,करावाड़ा,बरोठी ब्राह्मण,कल्याणपुर,भूधर,पादेडी, झुथरी,जवास,कटेवडी,कारछा,बलेवड़ी ,आड़ीवली,घोडी आदि कई गांवों से कई विप्रजन मौजूद रहे।

अज्ञात कारणो से आग लगी

संजीवनी टुडे

जाशमा। जाशमा गिलुंड सड़क मार्ग पर दिन में खेतों के आसपास अज्ञात कारणो से आग लगी ,जिससे खेतों खेतों में पहुंची जर्मरी के पौधे आग तेज गति से लगी जीएसएस उपाध्यक्ष राजेश कुमार जाट ने बताया कि आज दिन में 3:30 भगवानपुरा के पास मगनी राम धोबी के खेत से आग चालू हुई जो लियाकत खान ,मंगनीराम धोबी ,खेत के पास आग तेज हवा से आग खेतों के पास आग जलते सनसनी फैल गई ,जिससे पन्नालाल जाट के खेत पर प्लास्टिक के कैचिंग पाइप ट्यूबवेल का जलकर नष्ट हो गया हिंदुस्तान जिंक

दरीबा से अग्निशमन तुरंत फोन करते ही आधे घंटे में मौके पर पहुंचा जिंक दरीबा से प्रहलाद कुमार वैष्णव डीसीपीओ ,राकेश कुमार चौधरी एफएम ,कैलाशपुरी ,राघवेंद्र कुमहार ,जिंक लिमिटेड दरीबा जी के अग्निशमन राज 30ईए 1064 मौके पर पहुंचकर ,आज को काबू पाया गया खेतों खेतों में पानी का छिड़काव मशीन के द्वारा किया गया एवं जाशमा की गौशाला सेवको की टीम ने आग बुझाने में सहयोग किया गया ,गौशाला टीम के सदस्य सुरेश चंद्र जाट ,शौकीन जाट ,दिनेश चंद्र जाट ,राहुल कुमार जाट ,सुनील कुमार जाट ,संजय कुमार जाट ,राजमल जाट ,गुलजार पठान ,आशीष कुमार गर्ग ,रामलाल जाट ,प्रेम शंकर माली आदि ने नवयुवक टीम के द्वारा आग को बुझाई गई खेत की पाली पाली पर आग आगे से आगे बड़ी लोगों ने आग को काबू पा लिया जलाऊ लकड़ी जलकर राख हो गई ,आग जलते जलते भगवानपुर के पास के घरों में तक पहुंची।

70 किलोग्राम करीब अवैध डोडाचूरा के साथ एक महिला सहित तीन गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। गंगरार थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के तहत लगातार कार्यवाही करते हुए प्लास्टिक के तीन कटटो में कुल 69 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा जब्त कर अफीम डोडाचुरा परिवहन कर रहे एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। गंगरार थाना पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए दो दिनों में एनडीपीएस एक्ट की तीन कार्यवाहीयां की गई। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि एएसपी परबत सिंह जैतावत के निर्देशन व डीएसपी गंगरार रविन्द्रप्रताप सिंह के सुपरविजन में अवैध मादक पदार्थो की धरपकड़ कार्यवाही के तहत शुक्रवार दोपहर को थानाधिकारी गंगरार मोती राम पु.नि. पुलिस जाप्ता के साथ गश्त करते हुए बस स्टेशन गंगरार पहुचे। जहां दो व्यक्ति व एक महिला तीनो अपने हाथो में प्लास्टिक के अलग अलग कटटे लेकर बस में चढने के लिए इंतजार कर रहे थे। तीनों की गतिविधियां सदिग्ध लगने पर उन्हें यथास्थिती खडा रखा जाकर तीनो के कब्जेशुदा प्लास्टिक के कटटो की तलाशी ली तो तीनो प्लास्टिक के कटटो में कुल 59 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा भरा हुआ होना पाया गया। उक्त अफीम डोडा चुरा को जप्त कर मोके से तीनों आरोपियों पंजाब के पती बुढा दाखा थाना दाखा जिला लुधियाना निवासी 37 वर्षीय रणजीतसिंह पुत्र सिगरा सिंह मजबी सिख, मुलापुर अडडा दाखा थाना दाखा

जिला लुधियाना निवासी 57 वर्षीय लता पत्नी डेनीयल रविदासीया सीख एवं बिजयपुर थाने के गोपालपुरा निवासी 20 वर्षीय भेरूलाल पुत्र प्रताप भील को गिरफ्तार किया गया है।

कार्यवाही में शामिल टीम

मोती राम पु.नि. (थानाधिकारी), हैडकानि. विक्रम सिंह, कानि. दिनेश चौधरी, मदनलाल, नानू लाल जाट, पूजा व भेरूलाल।

शादीशुदा युवती को भगा ले गया था युवक, पुलिस थाने के गेट से प्रेमी का फिल्मी स्टाइल में अपहरण

संजीवनी टुडे

रानीवाड़ा पुलिस थाने के गेट पर प्रेमी के फिल्मी स्टाइल में अपहरण के मामले में नया खुलासा हुआ

जालोर।रानीवाड़ा पुलिस थाने पर बुधवार को फिल्मी स्टाइल में हुए हमले व युवती को भगा कर ले जाने वाले मामले में पुलिस ने अभी तक करीब 13 लोगों को हिरासत में लिया था, जिसमें गुरुवार को 11 लोगों को 151 में पाबंद कर छोड़ दिया गया एवं 16 व्यक्तियों के विरुद्ध राजकार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने का मामला दर्ज किया है । थाना अधिकारी देविदान चारण ने बताया कि लड़की के मायके व ससुराल में माहौल तनावग्रस्त होने के कारण लड़की को सखी सेंटर जालौर भेजा गया तथा लड़की के प्रेमी को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। थाना अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम को कैंपर गाड़ी बीच में डालकर अपहरण करने एवं राज्य कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में 15 से 16 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। बता दें बुधवार देर शाम रानीवाड़ा पुलिस थाने में लाए जा रहे प्रेमी युवक– युवती को थाने के बाहर से ही बदमाशों के एक समूह ने कैपर गाड़ी में सवार होकर पुलिस वेन के आगे जबर्दस्ती करते हुए युवक को अगवा कर दिया था जहां करीब तीन घण्टे तक चले ड्रामे के बाद पुलिस द्वारा युवक को अपराधियों के चंगुल से छुड़ाए जाने में सफलता प्राप्त की गई थी । थानाधिकारी देवीदान चारण ने बताया कि बुधवार शाम डायल 112 की सहायता से युवक युवती को रानीवाड़ा पुलिस थाने पर लाया जा रहा था जहां थाने के आगे खड़े युवती के सबन्धियों ने गेट के आगे कैंपर गाड़ी बीच में डालकर लड़की को उठाने की कोशिश की थी, पुलिस व बदमाशों के बीच में काफी झड़प भी हुई और पुलिस ने लड़की को बचा भी लिया, लेकिन बदमाश प्रेमी को ही उठा कर ले गए, हालांकि 4 घंटे बाद पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बदमाशों से प्रेमी को छुड़ा लाया। अब हेड कांस्टेबल किशोर सिंह ने 15 से 16 लोगों पर प्रेमी युगल का अपहरण करने एवं राज्य कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करवाया है, जिसके लिए पुलिस बदमाशों को डिटेन करने में लगी हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार को लड़की के भाई ने अपनी बहन के गुमशुदगी की रिपोर्ट रानीवाड़ा पुलिस थाने में दर्ज करवाई थी, बताया जा रहा है कि छह दिन पहले उक्त शादीशुदा युवती अपने प्रेमी संग भाग गई थी ।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

मयखानों की यह भीड़ कहीं अस्पतालों में कोरोना मरीजों की लाइनें ना लगवा दे



कोरोना काल में शराब के ठेकों को खोलने के चलते जिस तरह से सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाई गयी हैं, वह स्थिति देश व समाज के लिए बहुत ही चिंतनीय है, यह एक गलती आने वाले समय में देश के लोगों के जीवन पर बहुत भारी पड़ सकती है। सम्पूर्ण विश्व में आजकल मानव सभ्यता का सबसे बड़ा दुश्मन बन गए कोरोना वायरस संक्रमण की गंभीर बीमारी का आपदाकाल का बेहद संवेदनशील दौर चल रहा है। देश में लॉकडाउन की कवायद के बाद भी कोरोना संक्रमण अभी तक रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। हालांकि अच्छी बात यह है कि देश में स्थिति अभी तक पूर्ण रूप से नियंत्रण में है। भयावह आपदा के मद्देनजर बचाव के लिए देश में कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते संक्रमण को देखते हुए, गृह मंत्रालय के द्वारा 17 मई तक लॉकडाउन बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया गया था। लोगों को चरणबद्ध तरीके से कुछ मिलने वाली छूट के साथ लॉकडाउन-3 का काल 4 मई से शुरू हो गया है। लोगों को मिलने वाली इस छूट में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश में ग्रीन-ऑरेंज-रेड सभी जोन में कुछ शर्तों के साथ शराब के ठेकों को खोलने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस अनुमति के आधार पर जब 4 मई को शराब के ठेके खुले तो वहाँ पर शराब खरीदने के लिए इकट्ठा भारी भीड़ का जमघट सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आया। देश के अलग-अलग जनपदों से आई तस्वीरों के अनुसार अधिकांश ठेकों पर कई-कई किलोमीटर लम्बी लाईन लगी हुई थी, कुछ जगह लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्के बलप्रयोग का उपयोग तक करना पड़ा। अनियंत्रित भारी भीड़ के रूप में देश में लॉकडाउन के बाद खुले शराब के ठेकों पर लोगों की शराब के प्रति दीवानगी स्पष्ट नजर आ रही है। जिस तरह से लॉकडाउन में 45 दिन के लम्बे अंतराल तक बंद रहने के बाद भी लोगों की शराब पीने की लत नहीं गई, वह डॉक्टरों के साथ-साथ एक आम-आदमी को भी आश्चर्यचकित करती है। लेकिन कोरोना काल में शराब के ठेकों को खोलने के चलते जिस तरह से सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाई गयी हैं, वह स्थिति देश व समाज के लिए बहुत ही चिंतनीय है, यह एक गलती आने वाले समय में देश के लोगों के जीवन पर बहुत भारी पड़ सकती है। वैसे भी हम लोगों के सामने व सरकार के सामने कोरोना काल में लापरवाही के चलते जबरदस्त खामियाजा उठाने के उदाहरण विश्व के अलग-अलग देशों में भरे पड़े हैं। लेकिन शराब के ठेकों पर उमड़ी भीड़ के हालात देखकर लगता है कि देश की जनता ने उन हालातों से कोई सबक नहीं लिया है। अमेरिका, यूरोप, इटली, जर्मनी और रूस आदि देशों में कोरोना का भयावह प्रहार जारी है। देश में राजस्व बढ़ाने के लिए शराब के ठेकों को खोलने का निर्णय बिल्कुल भी उचित नजर नहीं आता हैं। बहुत सारे लोगों पर राशन तक के लिए पैसे नहीं हैं, उनका परिवार पेट भरने के लिए सरकार या दानवीर भामाशाहों पर निर्भर है और वो शराब के ठेके खुलने की खबर सुनते ही तड़के सबेरे जाकर ही शराब खरीदने के लिए लाईन में लग गये, यह स्थिति किसी भी परिवार के लिए ठीक नहीं है। इसके चलते देश में पारिवारिक हिंसा, दुर्घटनाओं व अपराधों में जबरदस्त बढ़ोत्तरी होगी। देश के नीति-निर्माताओं को यह सोचना चाहिए की शराब के ठेके खोलकर राजस्व बढ़ाने की यह कवायद, आपदाकाल में लोगों को संक्रमित करके देश के राजस्व पर उल्टा भारी बोझ न डाल दे। कोरोना के इस बेहद खतरनाक वक्त में सरकार का यह निर्णय लोगों की भयंकर लापरवाही के चलते भयानक भूल साबित हो सकता है। सरकार को समय रहते सोचना होगा कि शराब के ठेकों को खोलने की जल्दबाजी घातक कोरोना वायरस संक्रमण के काल में देश में बहुत अच्छे ढंग से चल रही लॉकडाउन की सारी कवायद पर पानी न फ़ेर दे। आपदा के समय में सरकार की यह एक भूल हिन्दुस्तान की जनता को कभी ना भूल पाने वाले ऐसे गहरे जख्म ना दे जाये जिनकी भरपाई करना बेहद मुश्किल हो जाये। सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाकर शराब पीने के लिए उतावले लोगों को भी सोचना चाहिए कि वो जब 45 दिन तक बिना शराब के जिंदा रहे तो थोड़ा धैर्य रखकर सरकार का सहयोग करने में उनका कुछ नुकसान नहीं हो जाता।

आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

तप एवं संयम की अक्षय मुस्कान का पर्व



विचार बिन्दु

अक्षय तृतीया का पावन पवित्र त्यौहार निश्चित रूप से धर्माराधना, त्याग, तपस्या आदि से पोषित ऐसे अक्षय बीजों को बोने का दिन है जिनसे समयान्तर पर प्राप्त होने वाली फसल न सिर्फ सामाजिक उत्साह को शतगुणित करने वाली होगी वरन अध्यात्म की ऐसी अविरल धारा को गतिमान करने वाली भी होगी जिससे सम्पूर्ण मानवता सिर्फ कुछ वर्षों तक नहीं पीढ़ियों तक स्नात होती रहेगी। अक्षय तृतीया के पवित्र दिन पर हम सब संकल्पित बनें कि जो कुछ प्राप्त है उसे अक्षुण्ण रखते हुए इस अक्षय भंडार को शतगुणित करते रहें।

ललित गर्ग

अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के कोरोना महासंकट एवं महामारी के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है। अक्षय तृतीया इस वर्ष 14 मई, 2021 को है। यह दिन किसानों एवं कुंभकारों के लिए विशेष महत्व का दिन हैं। शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है।

लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार तत्व है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या से उनका समाधान संभव है। संभवतः इसीलिए लोग विशेष प्रकार की तपस्याएं करते हैं और तपस्या के द्वारा संसार की आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों संपदाओं को हासिल करने का प्रयास करते हैं। जैन धर्म में वर्षीतप यानी एक वर्ष तक तपस्या करने वाले साधक इसदिन से तपस्या प्रारंभ करके इसी दिन सम्पन्न करते हैं। यह संसार से मोक्ष की मुस्कान, शरीर को तपाने और आत्मस्थ करने का अवसर है।

अक्षय तृतीया तप, त्याग और संयम का प्रतीक पर्व है। इसका सम्बन्ध भगवान ऋषभदेव के युग और उनके कठोर तप से जुड़ा होने से वर्षीतप की परम्परा चली। यह ऋषभ की दीर्घ तपस्या के समापन का दिन है। अपने आदिदेव की स्मृति में जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में असंख्य श्रावक-श्राविकाएं वर्षीतप करते हैं। जिनकी तपस्या का पूर्णाहुति एवं नये वर्षीतप के संकल्प के लिये इस दिन देशभर में आचार्यों और मुनियों के सान्निध्य में अनेक आयोजन होते हैं। इसका मुख्य आयोजन हस्तिनापुर (जिला मेरठ- उत्तर प्रदेश) में श्री शांतिनाथ जैन मन्दिर में एवं प्राचीन नसियांजी, जो भगवान ऋषभ के पारणे का मूल स्थल पर आयोजित होता है, वहां पर देशभर से हजारों तपस्वी एकत्र होते हैं और अपनी तपस्या का पारणा करते हैं।

सभ्यता और संस्कृति की विकास यात्रा का नाम है ऋषभ। वे सम्राट से संन्यासी बने, उनके प्रति जनता में गहरा आदर भाव था। यही कारण रहा कि उनके प्रजाजनों को इस बात का ज्ञान नहीं था कि भगवान ऋषभदेव को भिक्षा में भोजन की भी आवश्यकता होगी। भगवान प्रतिदिन शुद्ध आहार की गवेषणा एवं तलाश करते हुए घर-घर में घूमते, लेकिन अज्ञानता के सघन आवरण के कारण कोई भी उन्हें भोजन उपहृत नहीं करता। लोग उन्हें आदर के साथ हाथी, घोड़े, रथ, रत्नाभूषण, रत्न जड़ित पादुकाएं ग्रहण करने की प्रार्थना करते। उनका मत था कि वे अपने सृजनहार को अपने पास की सबसे बड़ी एवं कीमती वस्तु उपहृत करें। इस तरह बिना आहार के भगवान ऋषभ की तपस्या के बारह महीने पूरे हो गए। इस क्रम में आप पादविहार करते हुए हस्तिनापुर पधारते हैं। आपका प्रपौत्र श्रेयांस कुमार राजमहल के गवाक्ष में बैठा सड़क के दृश्य को देख रहा है। अचानक उसकी नजरें सड़क पर भिक्षा की गवेषणा में नंगे पैर घूमते अपने संसारपक्षीय परदादा भगवान ऋषभदेव पर पड़ती है। भगवान ने प्रपौत्र श्रेयांस के हाथों इक्षुरस का सुपात्र दान लेकर एक नई परम्परा की शुरूआत की। इन अप्रत्याशित क्षणों के साक्षी बनकर देवलोक से समागत देवतागण भी अहोदानं-अहोदानं की ध्वनि प्रकट करते हुए पांच प्रकार के द्रव्यों की वर्षा की। कहा जा सकता है कि इस महत्वपूर्ण प्रसंग से जुड़कर बैसाख शुक्ल तीज का दिन जिसे अक्षय तृतीया का सम्बोधन भी प्राप्त हुआ एक दृष्टि से धर्म क्षेत्र में नयी सोच के दर्शन कराने वाला दिन बन गया। यही सन्दर्भ तपस्या और साधना का शुभ मुहूर्त बन गया।

समग्र जैन समाज में अक्षय तृतीया के दिन को अत्यन्त आदर और सम्मान के साथ मनाये जाने की परम्परा वर्षों से चली आ रही है। प्रतीकात्मक रूप में इसे वर्ष भर तक एकांतर तप (एक दिन छोड़कर पुनः उपवास) की साधना के साथ मनाये जाने की परम्परा ने विगत कुछ वर्षों में काफी जोर पकड़ा है। तपस्या को जैन धर्म साधना में अत्यन्त महत्पूर्ण स्थान दिया जाता है। मोक्ष के चार मार्गों में तपस्या का स्थान कम महत्वपूर्ण नहीं है। तपस्या आत्मशोधन की महान प्रक्रिया है और इससे जन्म जन्मांतरों के कर्म आवरण समाप्त हो जाते हैं। कोरोना महासंकट में इस पर्व की प्रासंगिकता अधिक सामने आयी है। जरूरत इस बात की है कि इसकी साधना से जीवन विकास की सीख हमारे चरित्र की साख बने। हममें अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागे। यह आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा बने।

अक्षय तृतीया का पावन पवित्र त्यौहार निश्चित रूप से धर्माराधना, त्याग, तपस्या आदि से पोषित ऐसे अक्षय बीजों को बोने का दिन है जिनसे समयान्तर पर प्राप्त होने वाली फसल न सिर्फ सामाजिक उत्साह को शतगुणित करने वाली होगी वरन अध्यात्म की ऐसी अविरल धारा को गतिमान करने वाली भी होगी जिससे सम्पूर्ण मानवता सिर्फ कुछ वर्षों तक नहीं पीढ़ियों तक स्नात होती रहेगी। अक्षय तृतीया के पवित्र दिन पर हम सब संकल्पित बनें कि जो कुछ प्राप्त है उसे अक्षुण्ण रखते हुए इस अक्षय भंडार को शतगुणित करते रहें। यह त्यौहार हमारे लिए एक सीख बने, प्रेरणा बने और हम अपने आपको सर्वोतमुखी समृद्धि की दिशा में निरंतर गतिमान कर सकें। अच्छे संस्कारों का ग्रहण और गहरापन हमारे संस्कृति बने। तभी अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता होगी। सनातन धर्म में इसी दिन शादियों के भी अबूझ एवं स्वयंसिद्ध मुहूर्त रहता है और थोक में शादियां होती है। अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहा जाता है। अक्षय तृतीय हिन्दु पंचाग अनुसार वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते है। माना जाता है कि इस दिन जो भी कार्य किए जाते है वे पुरी तरह सफल होते हैं एवं शुभ कार्यों को अक्षय फल मिलता है। भविष्य पुराण एवं स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को रेणुका के गर्भ से भगवान विष्णु ने परशुराम रूप में जन्म लिया था। जो दक्षिण भारत में बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाती है। साथ ही यह भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन अपने अच्छे आचरण और सदुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। साथ ही अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है तथा गृह प्रवेश, पदभार ग्रहण, वाहन खरीदना, भूमि पूजन आदि शुभ कार्य करना अत्यंत लाभदायक एवं फलदायी होते हैं। इतना ही नहीं अक्षय तृतीया के दिन ही वृंदावन के बांके बिहारी के चरण दर्शन एवं प्रमुख तीर्थ बद्रीनाथ के पट (द्वार) भी अक्षय तृतीया को ही खुलते है।

वरुथिनी एकादशी व्रत करने से मिलती है सभी पापों से मुक्ति



वरुथिनी एकादशी वैशाख मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। इस व्रत को करने से मनुष्य को सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन व्रत करके जुआ खेलना, नींद, पान, दातुन, परनिन्दा, क्षुद्रता, चोरी, हिंसा, रति, क्रोध तथा झूठ को त्यागने का माहात्म्य है। ऐसा करने से मानसिक शांति मिलती है। इस व्रत को करने वाले को हविष्यान खाना चाहिए तथा व्रती के परिवार के सदस्यों को रात्रि को भगवद् भजन करके जागरण करना चाहिए।

इससे तात्पर्य यह है कि कांस्य पात्र, मांस तथा मसूर आदि का ग्रहण नहीं करें। एकादशी को उपवास करें और इस दिन जुआ और निद्रा का त्याग करें। रात को भगवान का नाम स्मरण करते हुए जागरण करें और द्वादशी को मांस, कांस्य आदि का परित्याग करके विधि विधान से पारण करें। शास्त्रों में कहा गया है कि इस व्रत को करने से दुखी को सुख मिलता है तथा राजा के लिए स्वर्ग का मार्ग खुलता है। सूर्य ग्रहण के समय दान करने से जो फल प्राप्त होता है, वही फल इस व्रत को करने से प्राप्त होता है। इस व्रत को करने से मनुष्य लोक और परलोक दोनों में सुख पाता है और अंत समय में स्वर्ग जाता है। इस व्रत को करने से व्यक्ति को हाथी के दान और भूमि के दान करने से अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इस व्रत की महिमा का पता इसी बात से चलता है कि सभी दानों में सबसे उत्तम तिलों का दान कहा गया है और तिल दान से श्रेष्ठ स्वर्ण दान कहा गया है और स्वर्ण दान से भी अधिक शुभ इस एकादशी का व्रत करने का उपरान्त जो फल प्राप्त होता है, वह कहा गया है। भगवान विष्णु का प्यार और स्नेह के इच्छुक परम भक्तों को दोनों दिन एकादशी व्रत करने की सलाह दी जाती है।

कथा प्राचीन काल में नर्मदा तट पर मांधाता नामक राजा राज्य करता था। वह अत्यन्त ही दानशील और तपस्वी राजा था। एक दिन तपस्या करते समय वह जंगली भालू राजा मांधाता का पैर चबाने लगा। थोड़ी देर बाद भालू राजा को घसीटकर वन में ले गया। राजा घबराकर विष्णु भगवान से प्रार्थना करने लगा। भक्त की पुकार सुनकर विष्णु भगवान ने अपने सुदर्शन चक्र से भालू को मारकर अपने भक्त की रक्षा की। भगवान विष्णु ने राजा मांधाता से कहा? हे वत्स मथुरा में मेरी वाराह मूर्ति की पूजा वरुथिनी एकादशी का व्रत रखकर करो। उसके प्रभाव से तुम पुनः अपने पैरों को प्राप्त कर सकोगे। यह तुम्हारा पूर्व जन्म का अपराध था।

11 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1857	भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम इसी दिन आरंभ हुआ था।
1994	दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला द्वारा प्रिटोरिया में एक ऐतिहासिक समारोह में राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की गयी।
1999	पेनिसिलन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सर एडवर्ड इब्राहम की मृत्यु।
2001	भारत व ताजिकिस्तान ने संयुक्त घोषणा पर इस्ताक्षर किए, घाना में फ़ुटबाल मैच के दौरान हिंसा, 130 मरे।
2003	मोजाम्बिक के राष्ट्रपति जोकि अल्बर्टो फिसानों 6 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
2005	लाहौर-अमृतसर बस सेवा शुरू करने पर भारत और पाकिस्तान सहमत।
2006	1987 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित आस्कर एरियास ने दुबारा कोस्टारिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की। इसरो के अध्यक्ष जी. माधवन नायर और नासा के प्रशासक माइकेल ग्रिफ़िन ने चन्द्रमा पर भेजे जाने वाले भारत के चन्द्रयान 1 पर दो अमेरिकी वैज्ञानिक उपकरण लगाने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।
2007	अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने कार्य स्थली पर होने वाले भेदभाव पर रिपोर्ट जारी की।
2008	लेबनान में ईरान समर्थित विद्रोही संगठन हिजबुल्ला ने राजधानी बेरुत के मुस्लिम इलाके पर क़ब्ज़ा करने का दावा किया।
1929	सुभाष कश्यप - भारतीय संविधान के विशेषज्ञ एवं 'पद्म भूषण' से भी सम्मानित।

भारत की मदद के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सामने आई

विचार बिन्दु

संजीव ठाकुर

उल्लेखनीय है कि कमला हैरिस के साथ भारतीय मूल के 20 अन्य सीनेटर तथा पदाधिकारियों ने भारत को आश्वासन दिया है कि भारत को इस संकट की घड़ी में हर संभव मदद की जाएगी।

भारत में जब से कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर ने कहर बरपाया है, तब से विदेशी राष्ट्रों ने भारत को मदद का आश्वासन दिया है। भारत को मदद करने वाले राष्ट्रों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस,कनाडा, सऊदी अरेबिया, न्यूजीलैंड,ऑस्ट्रेलिया, खाड़ी के देश,रूस, चीन, पाकिस्तान, भूटान एवं अन्य पड़ोसी देश भी भारत की जनता की दयनीय हालत को देखते हुए अपनी संपूर्ण संवेदना जताई है। ब्रिटेन, फ्रांस ,कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, रूस ने तो मदद भेजना शुरू भी कर दिया है । पर सबसे ज्यादा मदद करने के प्रयास में अमेरिका ने जीवन रक्षक दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर ,ऑक्सीजन कंटेनर, ब्र95 मस्क, फ़ेस शिल्ड एवं बड़ी मात्रा में वैक्सीन भेजने का दौर शुरू कर दिया है।

इसी दौरान भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा है की कोविड-19 के तेजी से बढ़ते मामले और उसके कारण तेजी से हो रही मौतों के कारण जरूरत की इस घड़ी में भारत की मदद के लिए कृत संकल्पित है,क्योंकि भारत की मदद अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक है। कमला हैरिस ने आगे कहा कि उनकी संवेदना भारतीय जनमानस के साथ हैं। तथा भारत सरकार को हर संभव मदद करेंगे .अमेरिका ने भारत को 10 लाख टेस्टिंग किट प्रदाय करना शुरू कर दिया है ,ईस टेस्टिंग किट में टेस्टिंग के नतीजे 15 मिनट में हीं आने की पूरी संभावना है, जिससे भारत में लाखों लोगों की कोविड-19 की पहचान होकर, उन्हें जल्द से जल्द इलाज मुहैया कराने की भारत की क्षमता बढ़ जाएगी ।

कमला हैरिस ने एजेंसी को बताया की पूरा अमेरिकी प्रशासन भारत को इस संकट की घड़ी में मदद देने के लिए कृत संकल्पित है। भारत की इस कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में अमेरिका पूरी तरह उनके साथ है, अमेरिका ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंटेनर, वैक्सीन की बड़ी मात्रा तथा जीवन रक्षक दवाएं हर संभव भारत जल्द से जल्द पहुंचाएगा एवं संभवतः इलाज के लिए अमेरिका से चिकित्सकीय दल में भेजने का प्रयास करेगा। कमला हैरिस ने कहा कि भारत एक विशाल जनसंख्यावाला देश है उसके बावजूद महामारी की शुरुआत में जब अमेरिका में अस्पतालों में बेड तथा वेंटीलेटर कम पड़ने लगे थे, तब भारत से बनकर आवश्यक दवाएं बिस्तर तथा वेंटिलेटर की बड़ी मात्रा भारत ने अमेरिका को सहायता स्वरूप भेजी थी।ऐसे समय में जब भारत संकट में है, तो यह अमेरिकी प्रशासन की जिम्मेदारी होती है कि वह भारत को कोविड-19 के विरुद्ध लड़ने के लिए संकट में संबंधित उपकरण दवाएं, वैक्सीन तथा अन्य जरूरी उपकरण सहायता के रूप में भेजें ।उल्लेखनीय है कि भारत को अब तक 40 से लेकर 50 राष्ट्रों ने मदद की पेशकश की है, जिसमें अमेरिका एक बड़ा मददगार साबित हुआ है। रूस ने भी बड़ी मात्रा में स्पूतनिक वेक्सीन भारत में भेजनी शुरू कर दी है। इसके अलावा ऑक्सीजन सिलेंडर तथा ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बड़ी मात्रा में सप्लाई भी किया है।

इसी तरह फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया ने अलग-अलग तरह से भारत की धन तथा आवश्यक मेडिकल सेवाओं की आपूर्ति प्रारंभ कर दी है।भारत की कोविड 19 के विरुद्ध लड़ाई में इन देशों की मदद एक शुभ संकेत हैं, एवं इनकी मदद से भारत कोविड-19 के संक्रमण से अच्छी तरह से नियंत्रण में ला सकेगा।

उल्लेखनीय है कि कमला हैरिस के साथ भारतीय मूल के 20 अन्य सीनेटर तथा पदाधिकारियों ने भारत को आश्वासन दिया है कि भारत को इस संकट की घड़ी में हर संभव मदद की जाएगी।उधर ब्रिटेन भी मेडिकल की आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ साथ अन्य मेडिकल उपकरण जोकि कोविड-19 के संक्रमण के विरुद्ध आवश्यक हो प्रदान करना शुरू कर चुका है। ऐसे में भारत की स्थिति चंद दिनों में सामान्य होने की स्थिति में आने की संभावना है। सभी मददगार देशों ने संवेदनाओं के साथ उम्मीद की है कि भारत में फिर सामान्य तथा अच्छे दिन लौटने वाले हैं।

शाकाहार

शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्



हैल्थ संवाददाता

स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम

शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

शाक से मिलता है प्रोटीन

शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

कौन सा विटामिन पाएं कहां से



विटामिन 'ए': (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

विटामिन बी 1: (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

विटामिन बी2: (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

विटामिन बी 6: (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

विटामिन बी 12: (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

विटामिन सी: (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

विटामिन- डी: (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

विटामिन ई: (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।

1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की

शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।

शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अत: निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।

शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

हैल्थ संवाददाता

आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवत: यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अत: मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।

शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।

कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।

'किंगडम ऑफ द प्लैनेट...' दुनियाभर में मचाएगी धमाल

मुंबई। डिज्नी का हिस्सा बनने के बाद से फिर से पुनर्जीवित हुई हॉलीवुड की फिल्म फ्रेंचाइजी 'प्लैनेट ऑफ द एप्स' की नई फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' इस शुक्रवार से दुनिया भर में धमाल मचाने जा रही है। फिल्म को लेकर इस फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों का उत्साह अभी से देखने को मिल रहा है। सिनेमाघरों में हिंदी सिनेमा के एक बाद एक फ्लॉप होने के चलते हाल के महीनों में हॉलीवुड फिल्में भारत में अच्छा कारोबार कर रही हैं। ये नई फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया ओपनिंग लेगी और भारत में कम से कम सौ करोड़ रुपए का कारोबार करने में सफल रहेगी।

लाइफ Style

आलिया

काला टीका लगाकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फैशन के सबसे चर्चित इवेंट मेट गाला 2024 का आयोजन हो चुका है। दुनियाभर के सितारे इस इवेंट में अपने स्टाइलिश अंदाज को दिखाए। इस बार फिर से आलिया ने इस इवेंट को अटेंड किया। इस बार मेट गाला की फ्लोरल थीम थी, जिसके चलते आलिया भट्ट ने उसी तरह का आउटफिट पहना।

आलिया ने अपने आउटफिट और लुक से सभी को इंप्रेस किया। एक्ट्रेस अपने फ्लोरल आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगी रही थीं। इस साल मेट गाला की थीम गार्डन ऑफ टाइम है। आलिया भट्ट ने इवेंट के रेड कार्पेट पर साड़ी पहन अपना जलवा बिखेरा।

आलिया भट्ट ने इस इवेंट के लिए भारत के मशूहर डिजाइनर सब्यासांची मुखर्जी का तैयार किया हुआ आउटफिट पहना था। उनकी साड़ी इतनी खूबसूरत थी कि हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। इस साड़ी में आलिया भट्ट भी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थीं। ऐसे में उनकी खूबसूरती को किसी नजर ना लगे इसलिए उन्होंने इसका भी जुगाड़ किया। नजर से बचने के लिए आलिया रेड कार्पेट पर नजर का काला टीका लगाकर पहुंची थी। जी हां, इसका सबूत सोशल मीडिया पर सामने आई एक तस्वीर में भी देखने को मिला है।

आलिया की साड़ी में हैंडवर्क हुआ है जिसे फुलों से सजी 23 फुट की ट्रेन के साथ बनाया गया है।उनकी साड़ी में रेशम के फ्लॉस, ग्लास बीडिंग और सेमी प्रीशियस स्टोन्स का यूज किया गया है.



हॉलीवुड मसाला

जेम्स के उपन्यास पर बनेगी फिल्म

मुंबई। स्टीवन स्पीलबर्ग हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनकी फिल्मों का एक बहुत बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हाल ही में निर्देशक को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ए24 और स्टीवन स्पीलबर्ग की एंबलिन एंटरटेनमेंट एक साथ मिलकर जेम्स मैकब्राइड के उपन्यास द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिलहाल वे इसकी कहानी को विकसित कर रहे हैं।

70 साल से कायम हैं गॉडजिला का जलवा

लॉस एंजिलिस। फिल्म 'गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर' 29 मार्च को रिलीज हो गई है। इस फिल्म का दर्शकों को काफी इंतजार था। गॉडजिला के नाम पर बनी ये 38वीं फिल्म है। इससे पहले 70 सालों से इस नाम पर फिल्में बनती चली आ रही हैं। इस नाम पर बनने वाली फिल्मों का सफर जापान से 1954 में शुरू हुआ था और 70 साल से अब तक चल रहा है। जापान के अलावा अमेरिका भी इस पर फिल्में बना रहा है। 'गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर' फिल्म देखने और समझने के लिए आपको इसकी पुरानी फिल्में देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मेकर्स ने इसे नई कहानी के साथ पेश किया है। फिल्म में कमाल की सिनेमैटोग्राफी के साथ फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस फिल्म का निर्देशन एडम विंगार्ड ने किया है।

'सिकंदर' में रश्मिका होंगी लीड एक्ट्रेस

नई दिल्ली। नेशनल क्रश कही जाने वालीं रश्मिका मंदाना, अब बड़े पर्दे पर सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में नजर आएंगी। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बन रही 'सिकंदर' में रश्मिका के आने की खबर ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से कन्फर्म की गई। पहले 'पुष्पा' और फिर 'एनिमल' की धुआंधार सक्सेस के बाद रश्मिका बहुत डिमांड में हैं। सलमान के साथ फिल्म में आना उनके करियर को अल्टीमेट ऊंचाई पर ले जाएगा। मेकर्स ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज से पोस्ट करते हुए लिखा, ''सिकंदर' में सलमान खान के अपोजिट स्टार करने के लिए फैबुलस रश्मिका मंदाना का स्वागत है! ईद 2025 पर इन दोनों का मैजिक स्क्रीन पर अनफोल्ड होगा, जिसे देखने का इंतजार करना बहुत मुश्किल है।

लुक्स की वजह से नहीं मिली थीं फिल्में

मुंबई। कई फिल्म कलाकारों को करियर की शुरुआत में अपने लुक्स की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बाद में अपने अभिनय के दम पर उन्होंने लोगों के मुंह भी बंद कराए है। आज अल्लू अर्जुन की पहचान एक सुपरस्टार के तौर पर हैं, लेकिन वह भी अपने लुक्स की वजह से संघर्ष का सामना कर चुके हैं। इसका खुलासा खुद अल्लू ने ही किया है। हाल ही में, अल्लू अर्जुन की फिल्म 'आर्या' को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो गए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए हैदराबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अल्लू अर्जुन ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपने लुक की वजह से उन्हें करियर की शुरुआत में अच्छी फिल्में नहीं मिली थी। अल्लू अर्जुन ने साल 2003 में फिल्म 'गंगोत्री' से अपना डेब्यू किया था।

टीवी मसाला

फिर उलझी 'तारक मेहता के सोढ़ी' की गुत्थी...

नई दिल्ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से फेमस हुए एक्टर गुरुचरण सिंह को लेकर कोई भी सुराग नहीं मिला है। जांच के दौरान गुरुचरण के दस से ज्यादा फाइनेंसियल अकाउंट मिले हैं। इतना ही नहीं, उनके एक से ज्यादा जीमेल अकाउंट होने का भी पता चला है। घरवाले 22 अप्रैल से अपने बेटे की राह देख रहे हैं। गुरुचरण की खोज में परिवार, दोस्त और पुलिस सभी लगे हैं। करीबी लोगों और डिजिटल जांच के बाद पुलिस को मिले तथ्यों से चला पता है कि गुरुचरण का धर्म की तरफ झुकाव बढ़ रहा था। उन्होंने एक खास दोस्त से पहाड़ की तरफ जाने की इच्छा जाहिर की थी। आखिरी सीसीटीवी फुटेज में वो ई-रिक्शा के बाद पैदल जाते दिखे थे। गुरुचरण को 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचना था, जिसने उन्हें रिसीव करना था उसे भी मिसलीड किया गया। आखिरी बार गुरुचरण ने 14 हजार रुपए एटीएम से निकाले थे, उसके बाद की उन्हें लेकर जानकारी नहीं मिल पा रही है।

शिल्पा ने खत्म की 2 साल पुरानी लड़ाई

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे कभी टीवी की हाई प्रोफाइल वाली एक्ट्रेस थीं। उन्होंने 'चिड़िया घर', 'भाभी जी घर पर हैं' से 'बिग बॉस 11' जैसे रियलिटी शो के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हर शो में दर्शकों ने उन्हें खूब प्यार दिया हैं। हालांकि इसके बावजूद वह अपने बयानों को लेकर खबरों में रही हैं। वह लंबे वक्त से टीवी शो से दूर रही हैं। आखिरी बार टीवी पर उन्हें 'झलक दिखला जा 10' में देखा गया था। इस शो में भी उनका मेकर्स संग पंगा होने के बाद उन्होंने इस शो को छोड़ दिया था। अब लंबे वक्त के बाद खबरें हैं कि वह 'खतरों के खिलाड़ी 14' का हिस्सा बनेंगी। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, कलर्स पर आने वाला खतरनाक स्टंट से भरपूर शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अपनी जगह बना चुकी हैं। शो में उन्होंने अपनी सीट पक्की कर ली है।रिपोर्ट के अनुसार, शो के लिए खुद कलर्स चैनल ने शिल्पा को अप्रोच किया है। हालांकि इस बारे में अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि शिल्पा के नाम की अटकलें काफी तेज हो गई हैं। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में शिल्पा का नाम जुड़ने से दर्शकों के बीच थोड़ी हलचल मच गई है।

अहंकार के कारण कई अच्छी फिल्में छोड़ दी थीं अमोल पालेकर ने...

मुंबई। *जिस दौर में अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना का बॉलीवुड में कब्जा हुआ करता था, तब अमोल पालेकर ने अपनी अदाकारी से चुपचाप, लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। एक दौर तो वो भी आया, जब ये कहा जाना लगा कि सिर्फ विनोद खन्ना ही नहीं ये एक्टर बिग बी और काका के स्टारडम को टक्कर दे सकता है। बॉलीवुड का वो एक्टर, जो ऑफबीट फिल्मों के स्टार रहे। अपने शांत और सहज अभिनय से लोगों का मन मोहते रहे। उनके बोलने का स्टाइल, कॉमेडी करने का ढंग और इमोशनल कर देने का अंदाज ऐसा कि दर्शकों की आंखों में आंसू आ जाएं। अपने इस निराले अंदाज के कारण उन्हें 'सिचुवेशनल कॉमेडी किंग' कहा जाता था।*

बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे खो गए, जिन्होंने कभी अपने अभिनय से लोगों को

अपना दीवाना बना दिया था। हालांकि, वक्त की रफ्तार में उनका करियर काफी बदल गया। कुछ ऐसा ही हाल 70-80 के दशक के मशहूर एक्टर अमोल पालेकर का रहा है। बेहद शांत दिखाई देने वाले इस स्टार के अंदर बहुत घमंड था। इस बारे में उन्होंने खुद कहा था कि उन्हें कई अच्छी फिल्में मिली, लेकिन कुछ को उन्होंने अपने घमंड के कारण छोड़ दिया था।

मुंबई में जन्मे अमोल ने अभिनय में कदम रखने से पहले थिएटर में अपनी किस्मत आजमाई थी। 1970 के दशक में अपने सरल अभिनय के द्वारा प्रमुखता से उभरने लगे। 70-80 के दशक में उन्होंने एक के बाद एक कई बड़े स्टार्स के साथ फिल्में की, जिसमें शर्मिला टैगोर, रेखा, परवीन बॉबी, शबाना आजमी, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन से लेकर धर्मेंद्र, राज बब्बर संजीव कुमार संग स्क्रीन शेयर की।

अमोल हिंदी के साथ ही साथ मराठी सिनेमा में भी फेमस रहे। हालांकि, एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें फिल्में कम मिलने लगी और धीरे-धीरे एक्टिंग से दूर जाने लगे। अपनी फिल्मी करियर की जर्नी को लेकर अमोल ने बताया था कि ऐसा नहीं था वह फिल्में नहीं करना चाहते थे, लेकिन वह किसी से फिल्म मांगना नहीं चाहते थे।

ओटीटी पर रिलीज होगी 'हेड्स ऑफ स्टेट'

मुंबई। *अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आगामी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। बीते लंबे समय से अपने प्रशंसकों को शूटिंग से जुड़ी जानकारी लगातार साझा कर रहीं। प्रियंका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज होगी। उन्होंने पर्दे के पीछे के कुछ मजेदार पलों को एक वीडियो के जरिए फैंस के साथ साझा किया है। इसमें मालती भी हैं। मेकअप से लेकर वर्कआउट तक में मालती अपनी मां के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में बेटी को गोद में लिए हुए वर्कआउट करती प्रियंका को देखकर फैंस उसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में अभिनेत्री सुपर फिट और बेहद खूबसूरत लग रही है।*

गुप्त फिल्म के लिए काजोल को मिला था बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड

सीरियल किलर के रोल में कई हसीनाओं ने दिखाए रौद्र रूप

मुंबई। *सिर्फ अभिनेताओं ने ही नहीं, बल्कि कई अभिनेत्रियों ने भी बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। काजोल, तब्बू से लेकर प्रियंका चोपड़ा और उर्मिला मातोंडकर ने भी फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इन सभी हसीनाओं के किरदारों को लोगों ने बेहद पसंद भी किया।*

उर्मिला मातोंडकर : बॉलवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बॉलीवुड में रोमांटिक, हॉरर, थ्रिलर फिल्में की हैं। लेकिन उन्होंने फिल्म 'कौन' में सीरियल किलर का किरदार निभाया था। सीरियल किलर के रोल में उर्मिला की बेहतरीन अभिनय के सभी लोग कायल हो गए थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। साल 1999 आई सस्पेंस थ्रिलर फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया। अनुराग कश्यप द्वारा लिखित इस फिल्म में उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह ने अभिनय किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को पूरे 15 दिनों में शूट किया गया था। इस फिल्म में उर्मिला का किरदार बाकी सभी कलाकारों पर भारी पड़ा।

प्रियंका चोपड़ा : 18 फरवरी 2011 को रिलीज हुई फिल्म '7 खून माफ' में प्रियंका चोपड़ा ने ऐसी खतरनाक बीवी का रोल निभाया था, जो अपने सातों पतियों का खून कर देती है। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि विवान शाह, जॉन अब्राहम, नील नितिन मुकेश, इरफान खान, अलेक्जेंडर डायचेंको, अन्नू कपूर, नसीरुद्दीन शाह और उषा उथुप सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली।

तब्बू : फिल्म 'हैदर' में तब्बू का अब तक का सबसे खतरनाक रोल माना जाता है। उन्होंने इस फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार से सभी को डरा दिया था। 2014 में 'हैदर' रिलीज हुई थी। क्राइम थ्रिलर फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया था। इसमें शाहिद कपूर, तब्बू, के के मेनन, श्रद्धा कपूर और इरफान खान ने अहम भूमिका निभाई थी।

काजोल : फिल्म 'गुप्त' में काजोल के नेगेटिव रोल को भला कोई कैसे भूल सकता है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी। काजोल के अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल और मनीषा कोइराला ने अहम भूमिका निभाई थी। साल 1997 में आई फिल्म 'गुप्त' सुपरहिट हुई थी। काजोल ने इस फिल्म में नेगेटिव किरदार निभाया था। पहले इस नेगेटिव रोल को मेकर्स मनीषा कोइराला से करवाना चाहते थे, लेकिन बाद इस रोल के लिए रवीना टंडन को अप्रोच किया गया। उन्होंने इस फिल्म के लिए साइन कर दिया था। लेकिन फिर निजी कारणों की वजह से उन्होंने फिल्म नहीं की। आखिरकार यह रोल काजोल ने निभाया। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था।

अनीता हसनंदानी : फिल्म 'कुछ तो है' में अनीता हसनंदानी ने सीरियल किलर का किरदार निभाया था। 2003 में आई इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में तुषार कपूर, ईशा देओल, अनिता हस्सनंदनी, यश टोंक, ऋषि कपूर, जितेन्द्र और मुनमुन सेन ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर के तहत बनाई गई थी।

खबर संक्षेप

टाटा मोटर्स का शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़ा

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 17,528.59 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) में शुद्ध लाभ 5,496.04 करोड़ रुपये था। कंपनी का आय 1,19,986.31 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,05,932.35 करोड़ रुपये थी।

बैंक ऑफ बडौदा का लाभ बढ़कर 4886 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 2.3 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 4,886 करोड़ रुपये हो गया। बीओबी ने शुक्रवार को मार्च, 2024 के इस तिमाही नतीजे की शेयर बाजार को सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 4,775 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

टीवीएस क्रेडिट के लाभ में 33 फीसदी का इजाफा

चेन्नई। टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लि. का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 33.43 प्रतिशत बढ़कर 148.29 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 111.13 करोड़ रुपये था। टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ बढ़कर 571.83 करोड़ रुपये हो गया।

बजाज हिंदुस्तान शुगर का लाभ 31 फीसदी गिरा

नई दिल्ली। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत घटकर 90.56 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 130.91 करोड़ रुपये था। तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 1,874.77 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,059.10 करोड़ रुपये थी।

सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का लाभ 43 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत घटकर 3.45 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 6.05 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 136.65 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 119.98 करोड़ रुपये थी।

विप्रो हाइड्रोलिक्स मेलहॉट का करेगी अधिग्रहण

नई दिल्ली। घरेलू कंपनी विप्रो हाइड्रोलिक्स ने कनाडा स्थित मेलहॉट इंडस्ट्रीज की परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विप्रो हाइड्रोलिक्स, विप्रो इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग का हाइड्रोलिक्स कारोबार है। एक बयान में कहा, 'विप्रो हाइड्रोलिक्स ने मेलहॉट इंडस्ट्रीज के अधिग्रहण के लिए एक निर्णायक समझौता किया है... यह नियामकीय मंजूरी पर निर्भर है।' कंपनी ने हालांकि नियोजित सौदे से संबंधित कोई वित्तीय विवरण की जानकारी नहीं दी।

टाटा नाम इस्तेमाल करने का लेता है फीस, टाटा संस ने दोगुनी कर दी फीस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के दिग्गज कारोबारी समूहों में गिने जाने वाले टाटा ग्रुप का बिजनेस कई सेक्टर में फैला हुआ है।

- टाटा ने अलग-अलग सेक्टर में काम करने खोली है कई कंपनियां

टाटा ग्रुप ने अलग-अलग सेक्टर में काम करने के लिए कई कंपनियां खोली हुई हैं।

ये सभी कंपनियां अपनी पैरेंट कंपनी टाटा संस को टाटा का नाम इस्तेमाल करने के बदले में रॉयल्टी फीस चुकाती हैं। अब टाटा संस ने इस रॉयल्टी फीस में इजाफा कर दिया है। अब टाटा ग्रुप की कंपनियों को टाटा संस को 200 करोड़ रुपये ब्रांड सब्सक्रिप्शन फीस या रॉयल्टी फीस के तौर पर चुकाने होंगे। टाटा ग्रुप ने इस फीस को दोगुना कर दिया है। किसी भी कंपनी के साथ टाटा का नाम जुड़ा होना कस्टमर्स के लिए एक भरोसे का प्रतीक होता है। इसी के बदले में टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी कंपनियां टाटा संस को रॉयल्टी फीस चुकाती हैं।

सभी कंपनियां टाटा संस को टाटा का नाम इस्तेमाल करने की रॉयल्टी चुकाती है

रतन टाटा ने साल 1996 में शुरू की थी रॉयल्टी फीस

यह ब्रांड सब्सक्रिप्शन स्कीम टाटा संस के मानद अध्यक्ष रतन टाटा ने साल 1996 में शुरू की थी। इसके मुताबिक, ग्रुप की हर कंपनी या तो अपने सालाना रेवेन्यू का 0.25 फीसदी या फिर प्री टैक्स प्रॉफिट का 5 फीसदी टाटा संस को रॉयल्टी फीस के तौर पर देगी। यदि कोई कंपनी अप्रत्यक्ष तौर पर टाटा ग्रुप का नाम इस्तेमाल करती है तो उसे सालाना रेवेन्यू का 0.15 फीसदी देना होगा। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने ब्रांड सब्सक्रिप्शन से 1008 करोड़ रुपए कमाए थे।

सायरस मिस्त्री और चंद्रशेखरन ने किया था इसमें इजाफा

साल 2015 में टाटा संस के तत्कालीन चेयरमैन सायरस मिस्त्री ने ब्रांड सब्सक्रिप्शन का अधिकतम दायरा 75 करोड़ रुपए तय कर दिया था। इसके बाद वर्तमान चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इसे 100 करोड़ रुपए कर दिया था। अब इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए पहुंचा दिया गया है।

टीसीएस ने शेयरहोल्डर्स को दी जानकारी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 5 साल पहले तक टाटा ब्रांड के मालिक टाटा संस 100 करोड़ रुपए रॉयल्टी फीस के तौर पर लेते थे। अब इस फीस को डबल कर दिया गया है। टीसीएस द्वारा शेयरधारकों को भेजी गई जानकारी से इस फैसले का पता चला है। टीसीएस के मुताबिक, उसने वित्त वर्ष 2024 में टाटा संस को ब्रांड सब्सक्रिप्शन फीस या रॉयल्टी फीस के तौर पर 200 करोड़ रुपए चुकाए हैं।

सोना 950 रुपए प्रति दस ग्राम बढ़कर 73000 के पार

अक्षय तृतीया की मांग से सोना 950 रुपए मजबूत, चांदी 2300 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी। वैश्विक स्तर पर तेजी के रुख और अक्षय तृतीया के अवसर पर मजबूत घरेलू मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 950 रुपए चढ़कर 73,000 रुपए के स्तर को पार कर गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

अमेरिकी आंकड़ों से सोने में आई तेजी

अमेरिका में बेरोजगारी दावों के नवीनतम आंकड़ों से श्रम बाजार में सुस्ती के संकेत मिलने के बाद सोने में तेजी आई। इससे यह विश्वास बढ़ा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस वर्ष ब्याज दर में कटौती शुरू कर सकता है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

हाजिर सोना 73200 रुपए प्रति 10 ग्राम

इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है।'

सोने का बंद भाव 52 डॉलर मजबूत रहा

- सोना-चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों से गिरावट रही
- चांदी 2300 रुपए उछलकर 85,500 रुपए प्रति किलोग्राम
- अक्षय तृतीया के अवसर पर खुदरा मांग में हुई वृद्धि

गांधी ने कहा, 'अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खुदरा मांग बढ़ेगी, क्योंकि लोग सोने के सिक्के, छड़ और आभूषण खरीदेंगे।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है।

सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़ा

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था। इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया।

चीन के बाद भारत दूसरा बड़ा उपभोक्ता

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच फीसदी से अधिक : स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।

भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी जेनएआई मंच 'हनुमान' पेश

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

- यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध
- यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है

भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी और किफायती स्वदेशी जेनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनएआई) मंच 'हनुमान' शुक्रवार को पेश किया गया। यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है।

ये 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नड़, ओडिया, पंजाबी, असमिया, तमिल, तेलुगु, मलयालम और सिंधी हैं। इसके अलावा, 'हनुमान' मंच अंग्रेजी, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, जापानी, कोरियाई जैसी 80 अन्य भाषाओं का समर्थन करेगा। इस एआई टूल को जेनरेटिव एआई कंपनी एसएमएल इंडिया ने अबू धाबी स्थित निवेश कंपनी 3एआई होल्डिंग के साथ साझेदारी में विकसित किया है। यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसे एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए यह जल्द ही ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। एसएमएल इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विष्णु वर्धन ने कहा, 'भारत में एआई नवाचार के एक नए युग का 'हनुमान' प्रतिनिधित्व करता है। हमारा लक्ष्य एक साल में 20 लाख उपयोगकर्ताओं को इससे फायदा पहुंचाना है।'

एआई कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं रहे

वर्धन ने कहा कि 80 प्रतिशत भारतीयों को अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं आती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 'हनुमान' भारतीय भाषाओं का भी समर्थन करता है। इस मौके पर '3एआई होल्डिंग' के प्रबंध निदेशक अर्जुन प्रसाद ने कहा कि 'हनुमान' मंच यह सुनिश्चित करेगा कि एआई केवल कुछ लोगों का विशेषाधिकार न रहे, बल्कि हर भारतीय के लिए सुलभ उपकरण बने।

खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक लौटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा, निफ्टी में 98 अंक की तेजी
- रिलायंस, आईटीसी और एयरटेल में रही खरीदारी

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

कारोबारियों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की घरेलू बाजार से निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता बरतने से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई। सेंसेक्स 260.30 अंक चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 97.70 अंक चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87 प्रतिशत का नुकसान उठाया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।'

ये शेयर रहे लाभ में

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए।

इन शेयरों में रही गिरावट

दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

ऑडी इंडिया ने ऑडी क्यू3 का बोल्ड संस्करण उतारा

नई दिल्ली। जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने शुक्रवार को ऑडी क्यू3 बोल्ड और ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक बोल्ड संस्करण भारतीय बाजार में पेश किए। ऑडी क्यू3 बोल्ड संस्करण की शोरूम कीमत 54,65,000 रुपये और ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक बोल्ड संस्करण की कीमत 55,71,000 रुपये रखी गई है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, "ऑडी क्यू3 और ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक मौजूदा समय में हमारे सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल हैं। इन मॉडल को हमारे उपभोक्ताओं ने हमेशा पसंद किया है। अब ये दोनों मॉडल उपभोक्ताओं के लिए 'बोल्ड एडिशन' में पेश किए जा रहे हैं। ऑडी क्यू3 और क्यू3 स्पोर्टबैक संस्करण छह एयरबैग और 2.0 लीटर के टीएफएसआई इंजन से लैस हैं।

दूरसंचार कंपनियां 28,200 फोन ब्लॉक करें : दूरसंचार विभाग

- 20 लाख कनेक्शन का फिर से सत्यापन हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों के साथ कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए हाथ मिलाया है। इसका मकसद धोखेबाजों के गिरोह का खात्मा करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल 'हैंडसेट' का दुरुपयोग किया गया। इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया।

धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतें बढ़ीं: दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' मंच पेश किया था। इस पोर्टल के सक्रिय होने के बाद से संदिग्ध संदेश भेजने में लिप्त 52 इकाइयों को काली सूची में डाला जा चुका है।

आईटी हार्डवेयर पीएलआई के तहत 17 कंपनियां शुरू करेगी उत्पादन

फरीदाबाद। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि आईटी हार्डवेयर उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुने गये पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर विनिर्माताओं में से ज्यादातर के इस साल उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। कृष्णन ने यहां नेटवेब टेक्नोलॉजीज की एक नई अत्याधुनिक कंप्यूटिंग सर्वर विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के मौके पर अलग से बातचीत में कहा, ... 27 पीएलआई कंपनियों में से लगभग 17 इस साल उत्पादन शुरू कर देंगी। लगभग छह-सात ने पिछले साल उत्पादन शुरू किया था और दो ने अगले साल उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। सरकार ने नवंबर, 2023 में आईटी हार्डवेयर के लिए नई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत डेल, एचपी, फॉक्सकॉन, लेनोवो, नेटवेब टेक्नोलॉजीज सहित 27 कंपनियों के आवेदन को मंजूरी दी थी।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में हल्की सुस्त रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सरकारी आंकड़ों के अनुसार 4.9 फीसदी रही
- मुख्य रूप से खनन क्षेत्र का प्रदर्शन खराब रहा

मुख्य रूप से खनन क्षेत्र का प्रदर्शन खराब होने से देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में मामूली रूप से घटकर 4.9 प्रतिशत रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 4.9 प्रतिशत बढ़ गया। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिये आंका जाता है। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत रही थी जबकि मार्च 2023 में यह 1.9 प्रतिशत थी। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मार्च में खनन उत्पादन वृद्धि घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 6.8 प्रतिशत बढ़ी थी। मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के 1.5 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। मार्च में बिजली उत्पादन में भी 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन बढ़ा: इस साल मार्च में टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन 9.5 प्रतिशत बढ़ा जबकि मार्च 2023 में इसमें आठ प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 1.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

हड़ताल के कारण उड़ान सेवा बड़े पैमाने पर बाधित हुई

पटरी पर लौट रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का परिचालन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं। इसके साथ एरलाइन के परिचालन में शुक्रवार को धीरे-धीरे सुधार आना शुरू हो गया। चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ान सेवा बड़े पैमाने पर बाधित हुई थी।

एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल की थी। उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया।

हड़ताल के कारण परिचालन में की गई कटौती

हड़ताल के कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद्द किया था। एयर इंडियाएक्सप्रेस प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानों का परिचालन करती है। कंपनी ने हड़ताल के कारण परिचालन में कटौती की।

एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन 380 उड़ानें संचालित करता है

चालक दल की कमी से 85 उड़ानें की गई थी रद्द

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण बृहस्पतिवार को 85 उड़ानें या अपनी कुल दैनिक क्षमता का लगभग 23 प्रतिशत रद्द किया था। एयरलाइन ने बृहस्पतिवार हड़ताल खत्म होने के बाद कहा था कि वह उड़ान कार्यक्रम को तेजी से बहाल करने में मदद करेगी और उन यात्रियों से माफी भी मांगी जो उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए थे।

चालक दल के सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी थी

एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने 'बीमार' होने की सूचना दी थी। उसके बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस को उड़ानें रद्द करनी पड़ी

प्रतिदिन 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

चालक दल के अधिक सदस्यों की उपलब्धता के साथ शुक्रवार से परिचालन बेहतर होने की उम्मीद है। एयरलाइन औसतन प्रतिदिन 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 260 घरेलू सेवाएं संचालित करती है।

दो दिनों में स्थिति होगी सामान्य

अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। चालक दल के जो सदस्य हड़ताल पर थे, वे अब काम पर लौट रहे हैं। एयरलाइन उन्हें 'फिटनेस' प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद दे रही है। अधिकारी ने यह भी कहा कि ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शाम के समय की हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार में 3.66 अरब डॉलर का इजाफा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- मई के समाप्त सप्ताह में बढ़कर हुआ 641.59 अरब डॉलर

पिछले तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा।

केदारनाथ-यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़, बद्रीनाथ मंदिर में 12 मई से दर्शन, 22.15 लाख करा चुके पंजीकरण

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुरू

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ के कपाट सुबह 6:55 बजे और यमुनोत्री के कपाट सुबह 10:29 बजे खोले गए। जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से होंगे। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। इन चारों धामों पर दिन का तापमान 0 से 3 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। वहीं, रात में पारा माइनस में पहुंच रहा है। इसके बावजूद केदारनाथ धाम से 16 किमी पहले गौरीकुंड में करीब 10 हजार श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7 से 8 हजार के बीच था।

रजिस्टर्ड 5,545 खच्चर बुक हो चुके

यहां करीब 1500 कमरे हैं, जो भरे हुए हैं। रजिस्टर्ड 5,545 खच्चर बुक हो चुके हैं। हरिद्वार और ऋषिकेश में 15 हजार से ज्यादा यात्री पहुंच चुके हैं। चार धाम यात्रा के लिए अब तक 22.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोगों ने दर्शन किए थे।

पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोग पहुंचने से व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई थीं। पिछले साल चारों धामों में रोजाना 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे रहे थे। इससे सबक लेते हुए इस बार चारों धाम में प्रतिदिन 51 हजार लोग दर्शन करेंगे। एक दिन में 15 हजार श्रद्धालु केदारनाथ धाम, 16 हजार लोग बद्रीनाथ धाम, 9 हजार श्रद्धालु यमुनोत्री तो 11 हजार लोग गंगोत्री में दर्शन कर सकेंगे।





- केदारनाथ के कपाट सुबह 6:55 पर यमुनोत्री के कपाट 10:29 बजे खोले
- चारों धाम में प्रतिदिन 51 हजार लोग दर्शन करेंगे
- बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम में ऑनलाइन पूजा बुकिंग 30 जून तक
- हरिद्वार और ऋषिकेश में 15 हजार से ज्यादा यात्री पहुंचे
- पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोगों ने दर्शन किए थे
- 4जी और 5जी कम्युनिकेशन नेटवर्क के लिए 4 टॉवर लगाए

खबर संक्षेप

चीन 'विशिष्ट मुद्दों' के समाधान के लिए तैयार

बीजिंग। भारत में चीन के नए राजदूत जू फीहोंग ने कहा है कि बीजिंग वार्ता के माध्यम से 'विशिष्ट मुद्दों' का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वह नई दिल्ली में अपनी पदस्थापना को द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए एक सम्मानजनक मिशन और एक पवित्र कर्तव्य के रूप में मानते हैं।

सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िया गांव के जंगल में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। सीएम विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी। अब तक 12 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों और वरिष्ठ अधिकारियों को बधाई दी।

मालदीव से लौटे सभी भारतीय सैनिक

माले। मालदीव ने भारत के सभी सैनिकों को निकाल दिया है। ये सभी भारत लौट चुके हैं। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव से हमारे सभी सैनिक देश वापस आ गए हैं। हम इस मुद्दे पर काफी समय से मालदीव से बात कर रहे थे। सैनिकों पर जो जिम्मेदारी थी उसे अब सिविलियन्स निभाएंगे।

भारत-मोल्दोवा के बीच बनी सहमति

राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट के लिए वीजा छूट पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा के राजदूत, असाधारण और पूर्णाधिकारी एना ताबन ने शुक्रवार को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह समझौता लागू होने के बाद, किसी भी देश के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के दूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति देगा। साथ ही, दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत और मोल्दोवा ने 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित किए।

सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान

भारत और मोल्दोवा के बीच लोगों से लोगों के संबंधों को मजबूत करने में भूमिका निभाते हैं। इन आदान-प्रदानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक सहयोग, मोल्दोवन छात्रों के लिए भारत में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति और इसके विपरीत जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इस तरह की बातचीत से दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सद्भावना में योगदान होता है। भारत और मोल्दोवा के अधिकारियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया है। इन यात्राओं ने आपसी हित के क्षेत्रों पर चर्चा करने, सहयोग के रास्ते तलाशने और राजनयिक संबंधों को बढ़ाने के अवसर प्रदान किए हैं। दोनों देश अक्सर संयुक्त राष्ट्र और गुटनिरपेक्ष आंदोलन सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों और संगठनों में सहयोग करते हैं।

राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट क्या हैं?

राजनयिक पासपोर्ट और आधिकारिक पासपोर्ट दोनों प्रकार के यात्रा दस्तावेज हैं, जो सरकारों द्वारा आधिकारिक उद्देश्यों के लिए विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं। राजनयिक पासपोर्ट राजनयिकों, उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों और आधिकारिक क्षमता में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों, जैसे राजदूत, वाणिज्य दूत और राजनयिक कोरियर को जारी किया जाता है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा को जमकर सुनाया

बोलने की आजादी का मतलब अलगाववाद का समर्थन करने की स्वतंत्रता नहीं हो सकती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तान के प्रति कथित तौर पर नरम रुख रखने वाले कनाडा को जमकर सुनाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक स्थान देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। विदेश मंत्री ने कहा कि बोलने की आजादी का मतलब अलगाववाद का समर्थन करने की स्वतंत्रता से नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हम अच्छे संबंधों के लिए इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

खालिस्तान के प्रति कथित तौर पर नरम रुख रखने वाले कनाडा को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक स्थान देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

खास बातें

- कनाडा में 18 लाख भारतीय प्रवासी और 10 लाख अनिवासी भारतीय
- कनाडा में वोट बैंक कानून से अधिक शक्तिशाली
- उग्रवाद और चरमपंथी ताकतों को खुला समर्थन कर रहे

संदिग्ध पृष्ठभूमि वालों को अनुमति कैसे?

विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में, आप कल्पना करेंगे कि आप लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करेंगे, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आपके पास ऐसे लोग हैं जिनकी उपस्थिति बहुत ही संदिग्ध दस्तावेजों पर है, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह दर्शाता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य 10 लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं।

मुख्य मुद्दा खालिस्तानी समर्थकों को छूट

डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडा की धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को छूट देने का है। यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि कनाडा की राजनीति में आज प्रमुख पदों पर ऐसे लोग हैं जो वास्तव में उस तरह के अलगाववाद और उग्रवाद का समर्थन करते हैं।

10 वर्षों से यह चल रहा

जयशंकर ने कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। यह लगभग 10 वर्षों से चल रहा है। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उन्हें बोलने की आजादी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी बोलने की आजादी है। लेकिन बोलने की आजादी का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने की आजादी नहीं है, बोलने की आजादी का मतलब उन पदों और गतिविधियों से नहीं है जो कनाडा में लोग कर रहे हैं जिससे हमें नुकसान होता है।

भारत को मिली बड़ी कूटनीतिक जीत

ईरान के कब्जे वाले जहाज से 30 दिन बाद रिहा हुए पांच भारतीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल से जुड़े हुए जहाज एमएसजी एरीज को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया था। ईरानी कमांडों के जरिए कब्जे में लिए जाने के एक महीने बाद जहाज पर सवार पांच भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। ये लोग अब ईरान से भारत के लिए रवाना हो गए हैं।

भारतीयों का रिहा होना भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। जहाज के क्रू मेंबर्स रहे इन लोगों को गुरुवार को रिहा किया गया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने भारतीयों की रिहाई की जानकारी दी। दूतावास ने बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद भी कहा है।

13 अप्रैल को ईरान ने जहाज पर किया था कब्जा

ईरान ने 13 अप्रैल को इजराइल से जुड़े इस मालवाहक जहाज को जब्त किया था। इस जहाज में 17 भारतीय नागरिक सवार थे। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नेवी ने इस जहाज को जब्त किया था। जहाज को आखिरी बार 12 अप्रैल को दुबई के तट से दूर होर्मुज जलडमरूमध्य की तरफ जाते हुए देखा गया था।

इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष एच. अमीर अब्दुल्लाहियन से फोन पर बात की थी और सभी 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई की मांग उठाई थी।

भारत का जेनएआई मंच 'हनुमान' पेश

बेंगलुरु। भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी और किफायती स्वदेशी जेनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनएआई) मंच 'हनुमान' शुक्रवार को पेश किया गया। यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है। ये 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नड़, ओडिया, पंजाबी, असमिया, तमिल, तेलुगु, मलयालम और सिंधी हैं। इसके अलावा, 'हनुमान' मंच अंग्रेजी, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, जापानी, कोरियाई जैसी 80 अन्य भाषाओं का समर्थन करेगा। इस एआई टूल को जेनरेटिव एआई कंपनी एसएमएल इंडिया ने अबू धाबी स्थित निवेश कंपनी 3एआई होल्डिंग के साथ साझेदारी में विकसित किया है। यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसे एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए यह जल्द ही ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। एसएमएल इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विष्णु वर्धन ने कहा यह जानकारी दी।

यौन उत्पीड़न मामला

पीड़ित लड़की की 'काउंसलिंग' में पूरी तरह से निष्पक्षता हो: कोर्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकता

पश्चिम बंगाल में एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट के एक फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि हम चाहते हैं कि उस पीड़ित लड़की की 'काउंसलिंग' में पूरी तरह से निष्पक्षता हो। इस पर पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि हम पूरी तरह से किसी भी तरह की सहायता के लिए तैयार हैं। साथ ही यह भी कहा कि भाषा की समस्या को देखते हुए स्थानीय 'काउंसलर' को मौका दिया जाना चाहिए, जिससे भाषा की समझ में आसानी रहे।

पीठ ने कहा कि हम सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए महिला की 'काउंसलिंग' का आदेश दे रहे हैं कि उसने व्यक्ति का चुनाव सोच-समझकर किया है। हम इस बारे में आश्वस्त होना चाहते हैं। इस पर पीड़ित लड़की के वकील ने कहा कि लड़की उसी आदमी के साथ है और कहीं और अकेले नहीं रहना चाहती। इस मामले पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि हम इस पर आदेश पारित करेंगे।

साइबर अपराध से निपटने के लिए एकजुट हुईं सरकारी एजेंसियां

धोखेबाजों के नेटवर्क को नष्ट कर डिजिटल खतरों से बचाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइबर अपराधों से निपटने के लिए सरकारी एजेंसियां समय-समय पर विभिन्न प्रकार के प्रयास करती रहती है। इसी दिशा में दूरसंचार विभाग (डीओटी), गृह मंत्रालय (एमएचए) और राज्य पुलिस साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक साथ आए। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य धोखेबाजों के नेटवर्क को नष्ट करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। यह एकीकृत दृष्टिकोण सार्वजनिक सुरक्षा तथा दूरसंचार बुनियादी ढांचे की अखंडता की रक्षा करने और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति साझी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

दूरसंचार विभाग, गृह विभाग और राज्य पुलिस साइबर अपराध साथ आए

धोखाधड़ी से बचाए चक्षु पोर्टल

दूरसंचार विभाग ने इस साल 30 अप्रैल तक कुल 1.66 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काटे हैं। इनमें 30.14 लाख उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया के आधार पर और 53.78 लाख नए सिम कार्ड खरीदने की व्यक्तिगत सीमा पार करने के कारण काटे गए हैं। विभाग ने दो माह पहले चक्षु पोर्टल शुरू किया है। विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है।

20 लाख नंबरों का उपयोग किया

गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया था। डीओटी ने आगे विश्लेषण किया और पाया कि इन मोबाइल हैंडसेटों के साथ आश्चर्यजनक रूप से 20 लाख नंबरों का उपयोग किया गया था। विभाग ने देश भर के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया। इन मोबाइल हैंडसेटों से जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों का तत्काल पुनः सत्यापन किया गया।

आर्मी इंटेलिजेंस ने किया हनी ट्रैप का खुलासा

गर्लफ्रेंड के लिए आईएसआई एजेंट बना युवक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पटना/मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड के लिए पाकिस्तानी जासूस बन गया। उसे पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए युवक को हनी ट्रैप में फंसाया और उसके जरिए भारत की गुप्त सूचना एं पाकिस्तान भेजी गईं। सीआईडी क्राइम ने बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले एक पाकिस्तानी जासूस को भरूच से गिरफ्तार किया है। वहीं आर्मी इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के आधार पर अब गुजरात पुलिस की टीम, सीआईडी क्राइम और मुजफ्फरपुर पुलिस जिले में छापेमारी कर रही है।

मोबाइल फोन जब्त किया

आर्मी इंटेलिजेंस की एमआई उद्धमपुर यूनिट को पाक जासूसों के बारे में मिले इनपुट पर सीआईडी क्राइम ने भरूच से प्रवीण मिश्रा नाम के युवक को गिरफ्तार किया। सीआइडी क्राइम के एडीजीपी राजकुमार पांडियन के अनुसार ये आरोपी भारत से पाक में आईएसआईएस एजेंटों को खुफिया जानकारी भेज रहा था, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया।

फर्जी प्रोफाइल बनाकर फंसाया

सीआइडी क्राइम के अनुसार पूछताछ में पता चला कि वह सोशल मीडिया पर अपनी गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए जासूस बना था। पाकिस्तान खुफिया एजेंट ने फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर उसे हनीट्रैप में फंसाया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मोः 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)